रजिस्ट्री सं. डी. एल.-33001/99 REGISTERED NO. DL-33001/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 16] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 17, 1999 (चैत्र 27, 1921)
No. 16] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 17, 1999 (CHAITRA 27, 1921)

(इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके)
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालयों द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं .	377
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं . . .	263
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	5
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं .	387
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम . .	*
भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ . .	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट . . .	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)।	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं . .	*
भाग II—खण्ड 3—उपखण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश . . .	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा-परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं .	353
भाग III—खण्ड 2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस	393
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं .	—
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं।	1225
भाग IV— गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस . . .	431
भाग V— अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को बताने वाला सम्पूरक	

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	377
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	263
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	5
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	387
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Languages of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 2—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 of Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	353
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	393
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	—
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1225
PART IV—Advertisements and Notices issued by private Individuals and private Bodies	431
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc., both in English and Hindi	*

*Folios not received

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सांविधिक नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 31 मार्च 1999

सं० 59–प्रेज/99—राष्ट्रपति निम्नलिखित को "सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक" प्रदान किए जाने का अनुमोदन करते हैं :–

एस एस 36327 लेफ्टिनेंट राजेश पट्टू,
ई–486 मयूर विहार, फेस–II
नई दिल्ली–91

लेफ्टिनेंट राजेश पट्टू और एक अन्य अधिकारी सपरिवार 13 जून, 1998 को उस दिन उपहार सिनेमा में फंसे अनेक लोगों में शामिल थे जिस दिन मेटिनी शो के दौरान सिनेमा मे भयंकर आग लग गई थी ।

2. दहशतमंद लोगों, धुएं तथा अंधेरे के बीच फंसे लेफ्टिनेंट राजेश पट्टू ने बड़ी कुशलता एवं तत्परता से कार्य किया । एकान्त स्थान पर बने एक महिला शौचालय में, जहां अपेक्षाकृत कम प्रदूषण था, वे लोगों की निरन्तर बढ़ रही संख्या को धीरज बंधाने में सफल हुए ।

3. शौचालय की अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षा को छोड़ने का साहस एवं दूरदर्शिता से काम लेते हुए लेफ्टिनेंट पट्टू बाहर निकल आए तथा अपने लिए बचाव का मार्ग निकाला । अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना वे चौथी मंजिल पर खिड़की से छः फुट की दूरी पर कूदकर एक ड्रेन पाइप पर चढ़ गए तथा फिसलते हुए नीचे की ओर आए ।

4. वे हाइड्रोलिक लिफ्ट की मदद से चौथी मंजिल पर चढ़ गए तथा जोर लगाकर महिला शौचालय को खोल दिया और 15–20 व्यक्तियों/शवों को वहां से बाहर खींचकर उन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता के लिए भेज दिया । इसी प्रकार, उन्होंने दूसरी एवं तीसरी मंजिलों पर भी बचाव कार्य किया ।

5. बड़ी हिम्मत तथा कुशलता से समझाते हुए वे लोगों को दूसरी, तीसरी एवं चौथी मंजिलों से बचाने में कामयाब हुए, उनकी चतुरता एवं नेतृत्व कौशल ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया और इस प्रकार वे एक बड़ा बचाव अभियान चलाने में सफल हुए ।

6. लेफ्टिनेंट राजेश पट्टू ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए भयंकर आग से बचाव अभियान में अनेक लोगों की जान बचाने में अदम्य साहस, तत्परता एवं सूझबूझ का परिचय दिया ।

बशर मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 60–प्रेज/99—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को "उत्तम जीवन रक्षा पदक" प्रदान किए जाने का अनुमोदन करते हैं :–

1. श्री नागराज महादेवप्पा,
शंकन्नवर,
सुपुत्र महादेवप्पा शंकन्नवर,
हुगर गली,
शोवा ताल्की व्यादगी के निकट,
हवेरी जिला,
कर्नाटक ।

27–11–1997 को हलेगरी इतागी सड़क पर हरेहल्ला क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण पानी एक पुलिया के ऊपर से बह रहा था । बस चालक की लापरवाही के कारण एक विवाह समारोह से लौट रही के० एम० आर० टी०सी० की दो बसों में से एक पानी के भंवर में फंस गई । तेज बाढ़ बस को बहाकर दूर ले गई जिसके परिणामस्वरूप 50 में से 34 व्यक्तियों (13 पुरुष, 14 महिलाओं एवं 7 बच्चों) की मृत्यु हो गई जबकि शेष 16 व्यक्ति अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रहे थे ।

2. उसी समय एक टैम्पू में इतागी से हलेगरी आ रहे श्री नागराज ने इस भयावह दुर्घटना को देख लिया । वे तुरन्त टैम्पू से उतर आए तथा पास खड़ी एक लारी से एक रस्सी निकाल लाए । उन्होंने रस्सी को एक पत्थर से बांध दिया तथा उसका दूसरा सिरा अपनी कमर से बांध लिया । अपनी जान की परवाह किए बिना वे पानी में कूद गए । वे तैरकर बस के नजदीक पहुंचे तथा रस्सी को बस के पहिए से बांध दिया ताकि बस और आगे न खिसक सके । वे बस में घुस गए और बस में फंसे व्यक्तियों को खिड़की के रास्ते बाहर निकाला और उन्हें बस की छत पर चढ़ा दिया । इस प्रकार उन्होंने 16 व्यक्तियों (7 महिला, 5 पुरुष और 4 बच्चों) की जान बचाई ।

3. श्री नागराज महादेवप्पा शंकन्नवर ने अपनी जान को जोखिम में डालकर 16 व्यक्तियों की जान बचाने में साहस, तत्परता एवं सूझबूझ का परिचय दिया ।

2. श्री बी० जी० फानिया उर्फ श्री ललबिनिया
बुकपुई, मिजोरम ।

28-8-1998 का जब श्री जोमुआना, श्री ललबिनिया और तीन अन्य व्यक्ति अपने काम पर जाने के लिए मिनीपुइलुइ नदी को पार करने वाले ही थे कि तभी एक जंगली रीछ उनकी ओर लपका तथा उसने श्री जोमुआना पर हमला कर दिया । श्री ललबिनिया तुरन्त अपने पैरों पर उछल गए और अपना चाकू निकालकर रीछ की रीढ़ की हड्डी पर वार किया । तत्पश्चात् रीछ ने श्री ललबिनिया पर हमला किया । जब रीछ अपने बच्चे को चाट रहा था तभी श्री ललबिनिया ने अपनी दायीं टांग से रीछ के सिर पर चोट की। रीछ ने श्री ललबिनिया को छोड़ दिया तथा पुनः श्री जोमुआना पर हमला किया जो कि डर गए और दहशत के मारे बेहोश होकर गिर पड़े । मौके का लाभ उठाकर रीछ ने उन पर हमला किया तथा अपनी पलकों को चुभाना शुरू किया और इस प्रक्रिया में श्री जोमुआना का जबड़ा तोड़ दिया ।

2. श्री ललबिनिया ने रीछ द्वारा श्री जोमुआना पर किये गए आक्रमण के घातक प्रभाव को महसूस करते हुए बिना समय गंवाए रीछ पर हमला बोल दिया और रीछ की बांई आंख पर चाकू से वार करना शुरू किया । जानलेवा रीछ अपने पर हो रहे इस वार को सहन नहीं कर सका और श्री जोमुआना को वहीं छोड़ अपनी सुरक्षा के लिए भाग खड़ा हुआ ।

3. श्री ललबिनिया ने अपनी जान को गंभीर जोखिम में डालकर एक जंगली रीछ से एक व्यक्ति की जान बचाने में साहस, तत्परता तथा सूझबूझ का परिचय दिया ।

3. श्री रवीन्द्र बिसवाल, (मरणोपरान्त)
अरतल डाकखाना-तिरतोल,
जिला जगत सिंह पुर,
उड़ीसा ।

19-8-97 को लगातार वर्षा की वजह से कालाहांडी जिले के जूनागढ़ के पास हाती नदी का जल स्तर भवानी-पटना-जयपुर स्टेट राजमार्ग के पुल पर आठ फुट तक बढ़ गया । 21-8-97 की सुबह जब बाढ़ का पानी कुछ हद तक कम हुआ, कुछ वाहन और व्यक्ति पुल से गुजरे । धर्मगढ़ क्षेत्र के पांच व्यक्तियों ने भी पुल पार करने की कोशिश की । पुल पार करते समय, वे नदी के बहाव के साथ चले किन्तु पुल के मध्य भाग में वे उच्च स्तर तक पहुंचने में कामयाब हुए । पुल का बाकी का हिस्सा पानी में डूबा हुआ था । उन्होंने पानी का स्तर और कम होने का इंतजार किया । लेकिन उसी दिन करीब 3.30 बजे (अपराह्न) बाढ़ का पानी बढ़ा और ये पांचों व्यक्ति असहाय हो गए । स्थल पर अग्नि शमन कार्मिकों की मौजूदगी होते हुए भी, ये कार्मिक आवश्यक उपस्करों की उपलब्धता की वजह से बचाव कार्य करने में असमर्थ रहे । यह देखकर, श्री रवीन्द्र बिसवाल ने जूनागढ़ के चार अन्य व्यक्तियों के साथ नदी में छलांग लगा दी ताकि पांचों व्यक्तियों को डूबने से बचाया जा सके । फिर भी, वह केवल तीन व्यक्तियों को बचा पाए । अन्य दो व्यक्तियों को बचाने के प्रयत्न में वह खुद नदी में डूब गये और उनका शव 23-8-97 को मिला । बचे हुए दोनों व्यक्तियों को प्रशासनिक कार्मिकों ने एक नाव की सहायता से बचाया ।

2. श्री रवीन्द्र बिसवाल ने तीन व्यक्तियों की जान बचाने में अदम्य साहस और सूझबूझ का परिचय दिया और दो अन्य व्यक्तियों को बचाने की प्रक्रिया में सर्वोच्च बलिदान दिया ।

4. हवलदार रतन सिंह (सेवानिवृत्त)
बहरियान-दी-घर,
मैंजी लंगवल्टी,
तहसील एवं जिला—हमीरपुर,
हिमाचल प्रदेश ।

29-3-97 को, श्रीमती बीना देवी, तहसील एवं जिला हमीरपुर, अपनी ससुराल जा रही थीं । रास्ते में एक तेंदुए ने उन पर आक्रमण कर दिया और वह चिल्लाने लगी । उसकी चीख-पुकार सुनकर श्री रतन सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और तेंदुए के आक्रमण से उस महिला की जान बचाई । इस पर तेंदुए ने श्री रतन सिंह पर हमला कर दिया और इस प्रक्रिया में रतन सिंह ने अपना दाहिना बाजू खो दिया ।

2. श्री रतन सिंह ने अपने जीवन को खतरे में डालकर तेंदुए के आक्रमण से एक महिला के प्राण बचाए ।

5. श्री मनोज कुमार सिंह, (मरणोपरान्त)
उड़ई गांव डाकघर दूबे छपरा,
जिला बलिया,
उत्तर प्रदेश ।

14-6-97 को करीब 8.00 बजे (प्रातः) श्री मनोज कुमार सिंह अपने दोस्तों के साथ अपने गांव से एक कि०मी० की दूरी पर गंगा नदी में स्नान के लिए गए । अचानक तीन बच्चे जो नदी में स्नान कर रहे थे, डूबने लगे । श्री मनोज कुमार सिंह ने उन बच्चों की चीख-पुकार सुनी और उन्हें डूबते हुए देखा । जबकि उन बच्चों को बचाने के लिए कोई आगे नहीं आया तो श्री मनोज कुमार सिंह अपनी जान के जोखिम की परवाह न करते हुए नदी में कूद पड़े । काफी प्रयत्नों के बाद, श्री मनोज कुमार सिंह बच्चों को नदी किनारे लाने में सफल हो गए । किन्तु उस प्रक्रिया में वे डूब गए और अपनी जान गंवा बैठे ।

2. श्री मनोज कुमार सिंह ने अपने अदम्य साहस और अपनी तत्परता से तीन बच्चों की जान डूबने से बचाई और इस प्रक्रिया में अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया ।

6. 22350 (एन० ई० डी०) फ्लाइट लेफ्टीनेण्ट,
शमशेर सिंह दलाल,
गांव एवं डाकघर—चारा,
जिला रोहतक, हरियाणा ।

22-7-97 को फ्लाइट लेफ्टिनेण्ट, शमशेर सिंह दलाल झंग (90 रोड कंस्ट्रक्शन कम्पनी) से एक गम्भीर मरीज को तेंगा (715 मेडिकल स्टेजिंग सैक्शन) अरूणाचल प्रदेश में ले जा रहे थे । तेंगा जाते हुए रास्ते में, माइल स्टोन 169 के पास बालीपुरा-टवांग रोड पर फ्लाइट लेफ्टिनेण्ट दलाल को 15-20 व्यक्तियों की उत्तेजित भीड़ का सामना करना पड़ा । पूछताछ से पता चला कि 10 मिनट पहले एक यात्री बस खड्ड में नीचे गिर गई है । यह खड्ड करीब 200 फुट गहरी खड़ी ढाल वाली थी जो तेजी से बहती हुई नदी की ओर जा रही थी ।

2. स्थिति की नजाकत को देखते हुए फ्लाइट लेफ्टिनेण्ट दलाल ने अपने आप ही बिना समय गवाए किसी संगठित सहायता की परवाह किए बिना बचाव कार्य शुरू करने का निर्णय किया । अपने जीवन को जोखिम में डालकर घटना स्थल पर पहुंचने के लिए वह घनी झाड़ियों के बीच होते हुए खड़ी चढ़ाई की तरफ से बड़ी कठिनाई पूर्वक नीचे आने लगा । बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी । खतरनाक स्थिति में गिरी पड़ी थी तथा उसका पिछला हिस्सा नदी में डूआ हुआ था । उस मनहूस बस के कई यात्री संघात से बाहर गिर गए थे और कुछ उसके अन्दर फंसे हुए थे । यह बड़ा ही वीभत्स दृष्य था जहां लोग चीत्कार कर रहे थे । फ्लाइट लेफ्टिनेण्ट ने अकेले ही यात्रियों की हालत देखने का कार्य शुरू कर दिया था । पांच व्यक्ति मौके पर ही दम तोड़ चुके थे और बाकी करीब 25 व्यक्ति बुरी तरह घायल थे ।

3. फ्लाइट लेफ्टिनेण्ट दलाल ने एक कार्रवाई योजना बनाई । उसने ढाल से रास्ता बनाया और वहां एकत्र लोगों को अपनी सहायता करने के लिए प्रेरित किया ताकि घायलों को वहां से निकाला जा सके । एक ग्रामीण को प्राइमरी हेल्थ सेण्टर, द्रियांग जो सबसे नजदीक अस्पताल था, में यह सूचना देने के लिए भेजा गया कि वे किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें । उन्होंने अपने पास एम्बूलेंस में उपलब्ध प्राथमिक चिकित्सा किट अन्य ग्रामीणों की सहायता से घटनास्थल तक पहुंचाया । पहले उसने बच्चों और बुरी तरह घायल व्यक्तियों, बेहोश व्यक्तियों को हटाया ताकि उन्हें और चोट न पहुंचे । क्रासबार का इस्तेमाल करते हुए बस को ऊपर उठाया गया ताकि बस के नीचे दबे हुए व्यक्तियों को निकाला जा सके । उसने सिर पर चोट की वजह से बेहोश पड़े यात्रियों, जिनकी नाक व मुंह से खून निकल रहा था, को सीधा किया ताकि वे ठीक प्रकार से सांस ले सके । दो यात्रियों को फिलेयल चेस्ट के साथ मल्टीपल रिब फ्रैक्चर हुआ था और कम सांस लेने के कारण वे नीले पड़ गए थे । फ्लाइट लेफ्टिनेण्ट एम० दलाल ने पलेलसेगमेण्ट बांधा और मुंह से सांस दी । कुछ समयोपरान्त उनकी हालत सुधर गई । उन्होंने उन घावों को जिनसे तेजी से खून बह रहा था, साफ किया और उन पर पट्टी बांधी । उसने कम्प्रेशन बेण्डेज बांधा ताकि घावों से और खून न बहे । ज्यादा खून बहने से उत्पन्न खतरा समाप्त हो गया क्योंकि शिराओं और सिर से खून बहना बन्द हो गया था । दुर्घटनाग्रस्त लोगों को अस्पताल ले जाते हुए उसने उप स्थान पर उपलब्ध लकड़ी की छड़ियों से उन अंगों को कसर बांधा जिनकी हड्डियां टूटी हुई थी । इस प्रकार अपनी निपुणता से उन्होंने कुछ मूल्यवान जीवन बचा लिए (लगभग 25) जो देरी होने या ठीक से न संभाले जाने के कारण खत्म हो गए होते । दुर्घटनाग्रस्त लोगों को रस्सी के सहारे और स्थानीय लोगों की एक पंक्ति बनाकर सड़क पर लगाया गया । तत्पश्चात वे एक सिविल ट्रक और अपने एक टन वाहन से दुर्घटना-ग्रस्त लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र द्रियांग ले गए । प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्होंने अपेक्षित जीवन रक्षक इलाज की व्यवस्था करने में वहां के मेडिकल स्टाफ की लगातार सहायता की । जब एक बार स्थिति नियंत्रण में आ गई तो फ्लाइट लेफ्टिनेंट एस० एस० दलाल अपने एक रोगी को लेने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से चल दिए जिसे उन्होंने मुन्ना शिविर में छोड़ा और उसे तेंगा स्थित 715 एम० एस० एस० भेजा ।

4. फ्लाइट लेफ्टिनेंट एस० एस० दलाल ने न केवल अत्यधिक गंभीर स्थिति में लगभग 25 लोगों को बचाने में अपनी चिकित्सीय निपुणता का प्रयोग किया वरन उन्होंने खुद पहले की और असा-धारण साहस दिखाया क्योंकि उन्होंने अत्यधिक कठिन स्थितियों में कई घंटे काम किया और अपनी जान की परवाह किए बिना घायल व्यक्तियों का जीवन बचाया ।

7. लांस नायक कायम बहादुर राय (मरणोपरांत)
ग्राम घूम सुखिया रोड,
डाकखाना घूम, जिला दार्जिलिंग,
पश्चिम बंगाल ।

30 मार्च, 1996 को 3/11 गोरखा राईफल्स के लांस नायक कायम बहादुर राय अपनी पत्नी और दो छोटे बच्चों के साथ महानन्दा एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे थे । जब रेलगाड़ी पटना से लगभग 45 कि० मी० की दूरी पर पहुंची तो आग्नेयास्त्रों से लैस चार डकैत डिब्बे में घुसे और उन्होंने यात्रियों को लूटना शुरू कर दिया । उनकी परवाह न करने वाला एक यात्री नीचे गिरा दिया गया और एक डकैत ने उसे मारने के लिए पिस्तौल उठा ली । यह देखकर लांस नायक कायम बहादुर राय उसके साथ भिड़ गये । इसी बीच दूसरे डाकुओं ने उन पर वार कर दिया । लांस नायक कायम बहादुर राय बहादुरी से उनसे अकेले ही लड़े और उनकी छाती में बहुत नजदीक से एक गोली लगी जिससे वह घायल हो गया । गंभीर चोटों के बावजूद वे अनवरत डाकुओं से बहादुरी से लड़े और अन्ततः डाकुओं को भागना पड़ा ।

2. यद्यपि वे ड्यूटी पर नहीं थे परन्तु निहत्थे और अकेले ही अपने इस कार्य से उन्होंने भारतीय सेना की उच्च परम्पराओं को बनाए रखते हुए खुद से ज्यादा अपने साथी यात्रियों की सुरक्षा की परवाह की ।

3. स्वर्गीय लांस नायक कायम बहादुर राय ने अकेले ही अपने साथी यात्रियों के जीवन एवं संपत्ति को बचाने में अदम्य साहस और तत्परता दिखायी तथा इस प्रक्रिया में अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया ।

8. ग्रेनेडियर नारायण सिंह, (मरणोपरांत)
ग्राम एवं डाक अपर बेहलि,
तहसील सुन्दर नगर, जिला मंडी,
हिमाचल प्रदेश ।

ग्रेनेडियर नारायण सिंह 14 सितम्बर से 5 अक्तूबर, 1997 तक आकस्मिक अवकाश लेकर गृह नगर गए हुए थे ।

2. 4 अक्तूबर, 1997 को अवकाश व्यतीत करके लौटते वक्त वे सुन्दर नगर की ओर जाने वाली बग्गी सुन्दर नगर बी० बी० एम० बी० नहर के किनारे वाले रास्ते से बस पकड़ने के लिए जा रहे थे । धानोतू गांव के पास उन्होंने दो लड़कियों–मीना (22) और इश्वरो (20) को देखा जो एक तेज गति से आ रही बस से बचने के लिए सड़क से दूर हो गई थी और बी० बी० एम० बी० नहर के तेज धार से बहते पानी में गिरकर डूबने लगी थी । अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की जरा भी परवाह किए बिना ग्रेनेडियर नारायण सिंह उन डूबती हुई दोनों लड़कियों को बचाने के लिए तेजी से बहते, बर्फ की तरह ठंडे बी० बी०एम०बी० नहर के तेज बहते पानी में कूद पड़े । तेज रफ्तार वाली और भंवरदार धारों से लड़ते हुए ग्रेनेडियर नारायण सिंह ने अकेले ही गहरे पानी से मीना को बचाया और उसे किनारे ले आए । मीना को बचाने में पूरी तरह थक जाने के बावजूद ग्रेनेडियर नारायण सिंह इश्वरो को बचाने के लिए पुनः भंवरदार पानी में गए जबकि इश्वरो दिखाई ही नहीं दे रही थी । भारी प्रयत्नों और मानवोचित क्षमता से अधिक प्रयास करने के बाद ग्रेनेडियर नारायण सिंह इश्वरो को भंवरदार पानी की गहराई से बाहर ले आए । इस प्रक्रिया में ग्रेनेडियर नारायण सिंह, जो अकेले ही मानवोचित क्षमता से अधिक बहादुरी का प्रयास करने के कारण गहरी ऐंठन से पूरी तरह थक चुके थे, बी० बी०एम० बी० नहर के प्रचण्ड वेग वाले पानी में बह गए । ग्रेनेडियर नारायण सिंह ने दो लड़कियों की जान बचाने के लिए अपनी जान देकर सर्वोच्च बलिदान दिया ।

3. ग्रेनेडियर नारायण सिंह ने दो लड़कियों को डूबने से बचाने में बहादुरी, साहस का प्रदर्शन किया तथा अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया ।

9. कु० करुणा दूबे, (मरणोपरांत)
सुपुत्री श्री श्याम बिहारी दूबे,
गांव खेजरा बाग,
डाकघर बम्होरी बिके,
जिला सागर ।

5–2–1998 को सायं लगभग 8 30 बजे एक ट्रेक्टर ट्राली तथा डम्पर सिरोजा पुल से टकरा गए । परिणामस्वरूप, मास्टर सुदेश सौंधे और कुमारी करुणा दूबे समेत अनेक बच्चों को ले जा रही ट्राली कुछ दूरी पर जाकर एक नाले में गिर गई । यद्यपि मास्टर सुदेश सौंधे के पैर और कान में चोट लग गई थी परन्तु वह अन्य बच्चों को बचाने के लिए दौड़ा । कुछ प्रयासों से उसने कमल, कल्पना और निलिमा को नाले से बाहर निकाल लिया । कु० करुणा दूबे नाले के पीछे पहुंची ही थी कि उसने अपने भाई और बहन की आवाज सुनी जो मदद के लिए चिल्ला रहे थे । वह दुबारा पानी में कूदी और अपने भाई कर्दम और बहन कामिनी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया । उसने अपने दूसरे भाई कश्यप को भी बचाने का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हुई और इस प्रक्रिया में उसने अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दे दिया ।

2. अपनी कम उम्र के बावजूद कु० करुणा दूबे ने दो बच्चों का जीवन बचाने में साहस, तत्परता और सूझबूझ दिखाई तथा अपने भाई को बचाने के प्रयास में उसने अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया ।

वरुण मित्रा,
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 61–प्रेस/99 .—राष्ट्रपति, निम्नलिखित व्यक्तियों को "जीवन रक्षा पदक" प्रदान किए जाने का अनुमोदन करते हैं :—

1. श्री कोना श्रीनिवास राव,
सुपुत्र श्री मणिक्याला देसू,
जेन्टावानिपालेम,
डाकखाना वेन्दूरूपाथि,
मिनागापाका (मंडल), विशाखापत्तनम जिला,
आंध्र प्रदेश ।

दिनांक 15–8–1996 को लगभग 17.00 बजे एक रैफ्ट के चालक श्री गन्ता गोविन्दा रेफ्ट की क्षमता से अधिक अर्थात् 17 व्यक्तियों और उनके सामान से लादकर दूसरे तट की ओर ले जा रहे थे । चालक रेफ्ट को तेजी से और लापरवाही से चला रहा था जिसके कारण रेफ्ट नदी के बीच में आकर डूब गई और सारे व्यक्ति डूबने लगे । उसी समय खेत में काम कर रहे श्री कोना श्रीनिवास राव नामक एक व्यक्ति ने अपने जीवन की परवाह किए बिना तुरन्त नदी में छलांग लगा दी और 10 व्यक्तियों को डूबने से बचा लिया ।

2. श्री कोना श्रीनिवास राव ने अपने जीवन की परवाह किए बिना 10 व्यक्तियों को डूबने से बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

2. श्री पोटू वेंकट शेशैया,
गांव वेन्नूर, कोंडेपी मंडल,
प्रकाशम जिला,
आंध्र प्रदेश ।

वेन्नूर गांव के उत्तर में जमीन नम है । ग्रामवासियों/किसानों को अपने खेतों में काम करने के लिए वहां पहुंचने

के लिए नल्लावागू (सरिता) को पार करना होता है जिसके लिए वहां कोई पुल नहीं है । ग्रामवासी अपने खेतों तक पहुचने के लिए नदी के आर-पार दो बिजली के खंभे रख देते हैं । 25-10-1997 को भारी वर्षा के कारण नल्ला-वागू (सरिता) का पानी खंभों के ऊपर से बहने लगा । वहां पानी की गहराई सात फीट तक हो गई । 31-10-1997 को वेन्नूर और चौदावरम गांव के कई लोगों ने प्रचण्ड वेग से बहती धारा को देखा और एक किनारे खड़े हो गए । परंतु पास खड़े लोगों द्वारा सावधान किए जाने और चेतावनी दिए जाने के बावजूद चौदावरम गांव की निवासी सुश्री मचेरला रमाम्मा, सुश्री पिल्लै लक्ष्मी कान्तम्मा, सुश्री बूरी गोवन्दम्मा और सुश्री डरला डेम्मा नामक चार महिलाएं बेगवान धारा में घुस गईं । पानी की तेज गति के कारण उनका संतुलन बिगड़ गया और वे पानी में गिर गईं और डूबते वक्त वे जोर-जोर से चिल्लाने लगीं । घटनास्थल पर मौजूद श्री पोटू वेंकट शेशैया पानी में कूद पड़े और उन्होंने उपरोक्त चारों महिलाओं को सुरक्षित बचा लिया ।

2. श्री पोटू वेंकट शेशैया ने अपनी जान की परवाह किए बिना चार महिलाओं को नदी में डूबने से बचाने में साहस और बहादुरी का परिचय दिया ।

3. श्री अमर सिंह चौहान,
निवासी आर० जेड० 6-275, सागरपुर (पश्चिम),
शंकर पार्क,
नई दिल्ली ।

4. श्री इन्द्र सिंह,
सुपुत्र श्री नरेश कुमार उर्फ मस्त राम,
निकट पेट्रोल अखाड़ा बाजार,
कुल्लु (हिमाचल प्रदेश) ।

5. श्री जगदेव सिंह,
सुपुत्र श्री शिव चन्द,
निवासी गोशाल,
जिला लाहौल एवं स्पीति,
वर्तमान शंगरीबाग, डाकखाना निओली,
जिला कुल्लु (हि० प्र०) ।

6. श्री पवन कुमार,
सुपुत्र नगरु,
टण्डी जिला का बोढ़,
वर्तमान में लाहौल स्पीति,
तथन सेरी खड़ाहल डाकखाना,
निओली तहसील,
जिला कुल्लु (हि० प्र०) ।

दिनांक 22-6-1998 को सायं 8.30 बजे मैसर्स पाल ट्रैवल्स, चंडीगढ़ की एक बस सं० सी० एच०-डी०आई० 9583, 59 यात्रियों को लेकर मनाली से कुल्लु जा रही थी कि वह व्यास नदी के मध्य में रामशिला, कुल्लु पर व्यास नदी में गिर गई । बस पलट गई और पूर्णत: पानी में डूब गई और उसका ऊपर का एक छोटा-सा कोना ही दिखाई दे रहा था । बस की स्थिति बड़ी ही गंभीर थी । पानी की गति बहुत तेज थी और जलस्तर बढ़ता जा रहा था । बस में किसी तरह बाहर निकल आए कुछ यात्री, बाहर से दिखाई देने वाली बस की छत के दो फीट ऊंचे किनारे पर बैठे थे । घटना की जानकारी मिलने के बाद चार स्थानीय युवक घटनास्थल की ओर बढ़े और उन्होंने एक रस्सी का प्रबंध किया और उसे बस की छत पर बैठे यात्रियों की ओर फेंका । उन्होंने बस के एक हिस्से से रस्सी को बांधा । श्री अमर सिंह चौहान, श्री इंद्र सिंह, श्री जगदेव सिंह और श्री पवन कुमार के साथ रात के गहरे अंधकार में, अपनी जान को उत्पन्न गंभीर खतरे की परवाह किए बिना पानी की तेज धारा से लड़ते हुए नदी के किनारे से 100 फीट की दूरी पर बस की छत पर पहुंचे और उन्होंने 13 लोगों की जान बचाई ।

2. श्री अमर सिंह चौहान, श्री इन्द्र सिंह, श्री जगदेव सिंह और श्री पवन कुमार ने अपनी जान को उत्पन्न खतरे की अनदेखी करके 13 यात्रियों को नदी में डूबने से बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

7. श्रीमती आशा देवी,
गांव बटलोठ, डाकखाना शिलारू,
तहसील थिओग,
जिला शिमला (हि० प्र०) ।

7 और 8 जुलाई, 1998 की मध्य रात्रि के लगभग 1.30 बजे जब श्रीमती आशा देवी अपने परिवार के सदस्यों के साथ गांव कलवां जिला शिमला में अपने कमरे में सो रही थी, एक चीता कमरे में घुस आया तथा उसके बिस्तर से उसके 3 वर्षीय लड़के (मास्टर गिरीश) को उठा ले गया । तब उसने दरवाजे के बाहर जाती हुई एक परछाई देखी । वह तुरन्त उस जंगली जानवर के पीछे भागी और अपने घर से 150 मीटर की दूरी तक अंधेरे में भागती चली गई । उसने जानवर को पकड़ लिया और जंगली जानवर के पंजों से अपने पुत्र को छीन लिया । इस कार्रवाई में उसके बदन पर अनेक घाव लगे ।

2. श्रीमती आशा देवी ने अपने प्राणों की परवाह किए बगैर चीते से अपने पुत्र की जान बचाने में साहस एवं सूझबूझ का परिचय दिया ।

8. श्री रंगीला राम,
गांव व डाकखाना आलमपुर,
तहसील जयसिंहपुर,
जिला कांगड़ा (हि० प्र०) ।

9. श्री सुनील कुमार,
गांव व डाकखाना, आलमपुर,
तहसील जयसिंह पुर,
जिला कांगड़ा (हि० प्र०)।

21-3-1998 को क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कालेज, हमीरपुर के तीन विद्यार्थी सुजानपुर कस्बे के निकट व्यास नदी में तैर रहे थे। अचानक वे एक भंवर में फंस गए। विद्यार्थियों में से एक श्री अभिजीत किनारे पर सकुशल लौट आया तथा दूसरा विद्यार्थी श्री एस० रघु नदी की तेज लहरों में डूब गया। तीसरे विद्यार्थी पंकज जुनेजा ने सहायता के लिए चीख पुकार की क्योंकि वह डूब रहा था। उसकी चीख पुकार सुनकर मछलियां पकड़ रहे दो स्थानीय मछुआरे श्री रंगीला राम तथा श्री सुनील अपने प्राणों को खतरे में डालकर नदी में कूद पड़े। श्री रंगीला राम ने पंकज का एक हाथ पकड़ा तथा श्री सुनील कुमार ने उसका दूसरा हाथ पकड़ा और दोनों अपने प्राणों को खतरे में डालकर पंकज को नदी से बाहर ले आए।

2. श्री रंगीला राम तथा श्री सुनील कुमार ने दूसरे विद्यार्थी श्री एस० रघु की भी तलाश की परन्तु वे उसका पता नहीं लगा सके।

3. श्री रंगीला राम और श्री सुनील कुमार ने अपनी जान को जोखिम में डालकर दो विद्यार्थियों को नदी में डूबने से बचाने में साहस एवं सूझबूझ का परिचय दिया।

10. मास्टर प्रमोद ई०,
पुत्र वीरप्पा, द्वारा ए० पी० नागप्पा गौड़ा,
अथिकोदिगे, चक्रनगर,
होशानगर तालुक, शिमोगा,
कर्नाटक।

दिनांक 4-7-1997 को लगभग 6.30 बजे सायं तीन व्यक्ति नागप्पा गौड़ा के अतिथिकोदिगे, तालुक होशानगर जिला शिमोगा में एकांत में स्थित मकान पर आए। वे घर के अन्दर जबरदस्ती घुस गए और ए० पी० नागप्पा गौड़ा की पत्नी श्रीमती जनकाम्मा पर हमला करने के बाद लूटपाट की। वीरप्पा के 9 वर्षीय पुत्र प्रमोद ने स्कूल से लौटते समय इस घटना को घटित होते देखा। देखते ही वह उस मकान से लगभग एक फर्लांग की दूरी पर स्थित रवीन्द्र नामक व्यक्ति के खेतों की ओर दौड़ा। उसने श्री ए० पी० नागप्पा गौड़ा के मकान में घटित घटना की जानकारी रवीन्द्र को दी। तत्काल वह रवीन्द्र के साथ घटना स्थल की ओर दौड़ा और श्रीमती जनकाम्मा के प्राणों की रक्षा की। श्री रविन्द्र ने हमलावरों का डटकर मुकाबला किया और आशिक रहमान नामक एक हमलावर को काबू में कर लिया। इस दौरान रवीन्द्र भी छुरा लगने से जख्मी हो गया। शेष दोनों अभियुक्त नकदी और 10,000 रू० के जेवरात समेत भाग गए।

2. मास्टर प्रमोद के शौर्यपूर्ण, साहसिक और सामयिक कार्य ने एक महिला की जान बचाई और एक डाकू को पकड़वाने में मदद की।

11. श्री कुमार मैलारप्पा,
द्वारा आर० एस० जावर बाजरा,
बेलारी रोड, बाइडरगेरी, गडग,
कर्नाटक।

14-2-1997 को 15 वर्षीय कुमार सिद्दू और कुमार जयानवय्या पंचाकसरैया हीरेमथ नामक दो लड़के विकदाकट्टी गांव स्थित हुगर कुंए में तैरने का अभ्यास कर रहे थे। तैरते हुए वे डूबने लगे। इसी बीच उन पर द्वितीय वर्ष के एक छात्र मलारप्पा की नजर पड़ी जो तैरने के लिए उसी कुंए पर गया हुआ था। अपने जीवन की परवाह न करते हुए वह कुंए में कूद पड़ा और दोनों छात्रों के प्राण बचाए। कुंए की गहराई 34 फीट है और घटना के समय जल स्तर 18 फीट गहरा था तथा कुंए की चौड़ाई 72 फीट है।

2. श्री कुमार मैलारप्पा ने अपने जीवन को खतरे की परवाह न करते हुए दोनों लड़कों को डूबने से बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया।

12. श्री कुमती नागेश,
पुत्र कुमती शेषाखावी,
कुमति हाउस,
मादिकाल उप्पुंडा गांव,
तालुक कुंदापुर, जिला उडुप्पी,
कर्नाटक।

दिनांक 5-8-97 को मादिकाल उप्पुंडा गांव के श्री अज्जैया बीदू और 8 अन्य मछुआरे सुबह-सुबह मछली पकड़ने के लिए शिरूर के निकट अरब सागर में गए। भारी वर्षा और चक्रवात के कारण उनकी नाव समुद्र में फंस गई। इसका परिणाम यह हुआ कि सभी मछुआरे गहरे जल में डूबने लगे और मदद के लिए चिल्लाने लगे। इस घटना के समय जल की गहराई लगभग 25 फीट व जल तरंगों की गति 100 कि० मी० प्रति घंटे थी दूसरी नाव में मछली पकड़ने के लिए जा रहे कुमति नागेश की नजर इन व्यक्तियों पर पड़ी जो मदद के लिए चिल्ला रहे थे। अपने जीवन को खतरे की परवाह न करते हुए वह तत्काल पानी में कूद पड़ा और सभी 9 मछुआरों का जीवन बचा लिया।

2. श्री कुमति नागेश ने अपने जीवन को भारी जोखिम में डालकर 9 व्यक्तियों को डूबने से बचाने में साहस, तत्परता और सूझबूझ का परिचय दिया।

(मरणोपरांत)

13. श्री नरेन मिरांडा,
पुत्र श्री जोमक मिरांडा,
निवासी हिककाम क्वार्टेशन,
गांव मचात्तु, तालुक मार्कुपुर,
जिला डी० के०,
कर्नाटक।

31-5-96 को लगभग 2.30 बजे अपराह्न नवीन रीगो और नरेन मिरांडा मचात्तु गांव स्थित वराही नदी में स्नान करने के लिए गए। नदी की चौड़ाई 39 मीटर थी और नदी में जल की गहराई 5 मीटर थी।

2. स्नान करते समय श्री नवीन रीगो एकाएक नदी में डूबने लगा। इसे देखकर श्री नरेन मिरांडा ने अपने जीवन की अति खतरे की परवाह न करते हुए श्री नवीन रीगो को बचाने के लिये तुरन्त नदी में छलांग लगा दी। श्री नवीन रीगो ने श्री नरेन मिरांडा को पकड़ लिया। इस कारण वे दोनों नदी में डूब गये। तत्काल ही कुछ अन्य लोग घटना स्थल पर पहुंच गये और लाठियों तथा रस्सी के सहारे उन्हें बाहर निकाला। तब तक नवीन रीगो दम तोड़ चुका था और नरेन्द्र मिरांडा की सांस चल रही थी। उसे तुरन्त के० एम० सी० अस्पताल, मनिपाल पहुंचाया गया जहां उसकी भी मृत्यु हो गई।

3. श्री नरेन मिरांडा ने अपने जीवन की परवाह न करते हुए एक व्यक्ति के प्राणों को बचाने के लिये अद्भुत साहसपूर्वक कार्य किया और इस दौरान अपने जीवन का बलिदान कर दिया।

14. कुमारी राजेश्वरी
रामचन्द्र भट,
द्वारा रामचन्द्र नारायण भट,
संपुरवण होन्नली, कोप्पकोवियर्ल
गांव होसमाने, तालुक सिरसी
कन्नड़, कर्नाटक।

9-11-96 की सुबह लगभग 5 वर्षीया कुमारी राजेश्वरी रामचन्द्र भट और लगभग 4 वर्षीया कुमारी भारती अपने घर के पास खेलते-खेलते खेत में पहुंच गई। खेलते समय कुमारी भारती दुर्घटनावश फिसलकर खेत में स्थित तालाब में गिर पड़ी और डूबने लगी। तालाब की चौड़ाई 14 फीट और घटना के समय पानी की गहराई 4 फीट थी। तालाब के किनारे-किनारे कीचड़ था और तालाब में पानी तक पहुंचने के लिये किनारे पर एक पत्थर रखा था। दुर्घटना घटित होते देख कुमारी राजेश्वरी एक क्षण भी गंवाए बिना तालाब में कूद पड़ी और उसने एक हाथ से पत्थर को पकड़ कर दूसरे हाथ से कुमारी भारती को डूबने से बचाकर उसका जीवन बचा दिया।

2. कम आयु के बावजूद कुमारी राजेश्वरी ने अपने जीवन को जोखिम में डालकर एक लड़की को डूबने से बचाने में अद्भुत साहस, तत्परता और सूझबूझ का परिचय दिया।

15. श्री सरदार,
पुत्र श्री दयाप्पा भण्डरवाद
निवासी इटागा, तालुक जेवरागी
जिला गुलबर्गा, कर्नाटक।

29-4-1995 को सुबह सैबाना नामक एक 11 वर्षीय लड़का अपनी बकरियां चराने के लिये भीमा नदी (जो इटागा और भंडरवाद गांव के बीच बहती है) के तट पर गया हुआ था। बाद में दोपहर 12 बजे के आसपास वह अपनी एक बकरी को नदी में स्नान कराने ले गया। उस समय नदी में एक मगर ने सैबाना की दाहिनी टांग पकड़ ली और उसे पानी में घसीटने लगा। बालक सैबाना मदद के लिये चिल्लाया। यह देख दयाप्पा नामक एक लड़का जो नदी के तट पर खड़ा था, दौड़कर अपने चाचा सरदार के पास पहुंचा और पूरी घटना बयान की। श्री सरदार तुरन्त दौड़ कर घटना स्थल पर पहुंचा और देखा कि एक मगर बालक को घसीट कर नदी तट से 500 फीट दूर धारा के बीचोबीच लिये चला जा रहा था। वह नदी में कूद पड़ा और तैरते हुए बालक के पास पहुंचा तथा उसका एक हाथ पकड़ कर नदी में ही मगर के मुंह से उसे खींचने की कोशिश की। 15-20 फीट गहरे जल में मगर के साथ एक घण्टे की भिड़न्त के बाद मगर अन्ततः बालक अपने जबड़े से छोड़ कर पानी में चला गया। इस प्रकार श्री सरदार ने बालक सैबाना को मगर के मुंह से बचाया। इसके बाद बालक सैबाना को देवल गंगापुर के सरकारी अस्पताल में दाखिल कराया गया क्योंकि उसकी टांग, जांघ, अण्डकोष, मूत्र नली आदि में घाव हो गया था।

2. श्री सरदार ने अपने जीवन को जोखिम में डालकर नदी के बीचोबीच मगर के जबड़े में फंसे एक बालक का जीवन बचाने में अद्भुत साहस, तत्परता और सूझ-बूझ का परिचय दिया।

16. श्री सी० जे० स्टीफन,
चाक्कालुंगाल वीटिल,
पी० ओ० छपथ,
जिला इडुक्की,
केरल।

29-7-1997 को रंजीना नामक एक महिला हनी (3 1/2 वर्षीया) और जाबी (7 वर्षीय) नामक दो बच्चों के साथ स्कूल जा रही थी। जब वे लोग इडुक्की ज़िले के एलाप्पारा कट्टाप्पना रोड पर पेरियार नदी के ऊपर छपथ पुल पर पहुंचे उस समय तेज गति से आ रही निजी परिवहन की एक बस का नियंत्रण समाप्त हो गया। बस ने पीछे से उस महिला और बच्चों को टक्कर मार दी जिससे वे लोग गहरी नदी में गिर पड़े। बरसात का महीना होने के कारण नदी जलमय थी और उसमें ऊंची लहरें उठ रही थीं। महिला और बच्चे नदी में गिर पड़े और नदी की तेज जलधारा के कारण बह कर गिरने के स्थान से 200 मीटर दूर चले गये।

न तो बस के यात्री और न ही वहां एकत्र ग्रामीण उन्हें बचाने के लिये नदी में कूदने का साहस कर सके। घटना के विषय में सुनते ही श्री स्टेफेन एक क्षण की भी देर किये बिना दौड़ कर घटना स्थल पर पहुंचे और अपने जीवन को जोखिम में डालकर उन्होंने नदी में छलांग लगा दी। किसी प्रकार उन्होंने महिला के बाल पकड़कर नदी को पार किया और उसका जीवन बचा लिया। पुनः तैरकर नदी में गये और एक-एक कर दोनों बच्चों का जीवन बचा लिया।

2. अपने जीवन को जोखिम में डालकर श्री स्टैफेन ने साहस और तत्परता से दो बच्चों सहित तीन जानें बचाई।

17. श्री मैथ्यू जोश, पुनत्तू हाऊस, पो० आ० बेलिया-माट्टोम,
थोडुपुजा, जिला इडुकी, केरल।

1-8-1997 को प्रातः लगभग 9 बजे श्री अगस्थी, श्री वत्सासी मथाई की जमीन पर अपनी गाय चरा रहा था। अनजाने में उसने बिजली के एक टूटे तार का स्पर्श कर लिया। एकाएक गाय गिर पड़ी और मर गई। बिजली के तेज झटके से श्री अगस्थी अचेत होकर गिर पड़ा। यह दुर्घटना जो टेंशन सिंगल फेज लाइन के एक इलैक्ट्रिक कण्डक्टर के टूटने के कारण हुई थी और दुर्घटना के समय विद्युत आपूर्ति का वोल्टेज 230 ए० सी० था।

2. गाय का रम्भाना सुन कर श्री मैथ्यू जोश जो पास ही में एक अन्नानास के बाग में काम कर रहे थे, दौड़ कर घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने इस दुर्घटना में निहित खतरे को भांप लिया। उन्होंने सूखी लकड़ी की एक लाठी से बिजली के तार को अगस्थी के शरीर से हटा दिया। श्री मैथ्यू जोश ने श्री अगस्थी के पुत्र को उस समय किनारे धकेल कर उसकी जीवन रक्षा की जब वह इलैक्ट्रिक सर्किट से चिपके अपने पिता को पकड़ने जा रहा था। तत्पश्चात् वहां एकत्र सभी लोगों ने अगस्थी को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। श्री मैथ्यू जोश की सामयिक सहायता से गम्भीर रूप से घायल एवं जले हुए व्यक्ति की जान बच सकी।

3. श्री मैथ्यू जोस ने अपने जीवन को खतरे की परवाह न करते हुए दो व्यक्तियों के प्राण बिजली का करंट लगने से बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया।

18. श्री ई० रमेश,
द्वारा कोमट्टिल गंगाधरन नैय्यर,
इराविमंगलम,
नाडाथारा ग्राम,
त्रिस्सूर, केरल।

दिनांक 23-9-97 को एक वैन, जिसमें तिरूवनन्तपुरम के पास के वेनजारम्योड्डू के एक परिवार के 22 सदस्य थे, गुरूवायूर मंदिर जा रही थी। यह जिला त्रिचूर में अम्बालूर में एक लारी से टकरा गई और 20 फुट गहरी कीचड़ और पानी से भरी खाई में गिर गई। टक्कर की जोर की आवाज और वैन के यात्रियों की चीख सुनकर घटनास्थल पर बहुत से लोग इकट्ठे हो गए। परन्तु दुर्भाग्यवश किसी ने भी उन्हें बचाने के लिए आगे आने का साहस नहीं किया क्योंकि वर्षा बहुत जोरों से हो रही थी और खाई में दलदल थी तथा यह लगभग 20 फुट गहरी थी।

2. श्री मणिकान्तन नैय्यर की चीख सुनकर वैन में जा रहे परिवार के एक सदस्य, जो किसी कारण वैन में नहीं गए थे, श्री रमेश, जो घटनास्थल के पास अपने पिता के निवास पर थे, अपने जीवन को खतरे की परवाह न करते हुए, तालाब में कूद गए तथा कीचड़ और पानी में से बहादुरी से तैरते हुए श्री मणिकान्तन नैय्यर की सहायता से उनकी बेटी सहित 12 व्यक्तियों का जीवन बचाया। पानी में बहुत अधिक समय तक बचाव के लिए प्रयास करते रहने के बाद श्री रमेश को बाद में अस्पताल में दाखिल कराया गया। इस दुखद दुर्घटना में एक बच्चे सहित 9 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई।

3. श्री रमेश ने अपने जीवन को खतरे में डाल कर समय पर वीरता का कार्य कर 12 व्यक्तियों को खाई में डूबने से बचाया।

19. श्री ईडाचेरियन राजीव,
पुत्र वट्टियम,
मुरूगलायम हाऊस,
मट्टूलउत्तरी डाकघर,
कन्नूर जिला, केरल।

दिनांक 12-8-1997 को अपराह्न लगभग 4 बजे श्री के० के० अब्दुल मजीद (42 वर्ष), श्री के० वी० विलियम, (17 वर्ष) और श्री अब्दुल नजार (18 वर्ष) नामक तीन मछुआरे देशी नाव में समुद्र में मछली पकड़ने गए। जब नाव मट्टूलउत्तरी से एक कि०मी० दूर थी, यह समुद्र में उलट गई तथा वे सभी समुद्र में गिर पड़े। उस समय समुद्र उफान पर था। घटनास्थल पर समुद्र की गहराई लगभग 30 मीटर थी। किनारे पर खड़े जिन लोगों ने इस दुर्घटना को देखा वे निस्सहाय चिल्ला रहे थे। किनारे से चीख-पुकार सुनकर पास में चाय की दुकान पर चाय पी रहे श्री ईडाचेरियन राजीव घटनास्थल की ओर दौड़े। यह देखकर कि तीन व्यक्तियों का जीवन खतरे में है, अपने जीवन को खतरे की परवाह न करते हुए श्री राजीव एक लम्बी रस्सी लेकर समुद्र में कूद पड़े। वह किसी तरह उन व्यक्तियों के पास पहुंच गए जो समुद्र में अपना जीवन बचाने के लिये संघर्ष कर रहे थे। रस्सी का इस्तेमाल कर श्री राजीव तीन व्यक्तियों को किनारे पर सुरक्षित ले आए।

2. श्री ईडाचेरियन राजीव ने तीन व्यक्तियों के प्राण डूबने से बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया।

20. कुमारी आर० एस० अप्सरा,
आयानीवकट्ट कोनाल्लू पुथेन वीडू,
मडावूर डाकघर, पल्लोक्कल,
मडावूर, तिरूवनन्तपुरम जिला,
केरल।

दिनांक 25-11-97 अपराह्न् 5.30 बजे 7 वर्षीय लड़का मास्टर अरविन्द कृष्णन, अपनी बहिन अप्सरा (8 वर्षीय) के साथ खेलते हुए अनजाने में अपने घर के पास के कुएं में गिर गया। यह कुआं 8 मीटर गहरा और $2\frac{1}{2}$ मीटर चौड़ा था। इस घटना के समय घर में कोई नहीं था।

2. अपने भाई को खतरे में देखते हुए, कुमारी अप्सरा ने कुएं से पानी निकालने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली रस्सी ली और सहायता के लिए जोर से चिल्लाते हुए इसे कुएं में डाल दिया। कुएं में लड़के ने किसी तरह रस्सी पकड़ ली जिससे वह डूबने से बच गया। कुमारी अप्सरा की चीख सुनकर उनके एक पड़ौसी श्री शाजी घटनास्थल की ओर दौड़े तथा लड़के का जीवन खतरे में देखकर वह अचानक कुएं में उतर गए और लड़के को अपने कंधों पर बैठा लिया तथा उसे कुएं से बाहर सुरक्षित ले गए।

3. छोटी उम्र की होने के बावजूद कुमारी अप्सरा ने अपने भाई का जीवन डूबने से बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया।

21. श्री टी० प्रदीप कुमार,
किझाक्कुमकारा किझाक्केथिल,
करमवेल डाकघर ईलान्थूर,
पथनमथिट्टा जिला,
केरल।

दिनांक 11-03-1996 की रात्रि को श्री सुधाकरन नहर के पास के रास्ते से अपने घर लौट रहे थे वह अनजाने में फिसल गए और नहर में गिर गए तथा बहकर दूर चले गए। नहर की कंक्रीट की दीवार 4.4 मीटर ऊंची है जो ऊपर से नीचे की ओर ढलाई पर है तथा इनकी चौड़ाई ऊपरी भाग में 10.2 मीटर है और निचले भाग में 5 मीटर है। घटना के समय पानी का स्तर लगभग 3 मीटर था और पानी का बहाव बहुत तेज था।

2. जब श्री सुधाकरन डूबने लगे तो वह सहायता के लिए चिल्लाए। नहर के किनारे पर इकट्ठे हुए पास में रहने वाले व्यक्ति उन्हें बचाने में असमर्थ थे क्योंकि नहर की दीवार फिसलन वाली थी और पानी का बहाव तेज था। उनमें से किसी ने भी उसकी जान बचाने के लिए नहर में कूदने का साहस नहीं किया। इसी समय श्री टी० प्रदीप कुमार वहां पहुंचे। उस व्यक्ति की जान खतरे में देखकर वह अपने जीवन को खतरे की परवाह न करते हुए तुरन्त नहर में कूद गए। बहुत प्रयास करने के बाद वह डूब रहे व्यक्ति को किसी तरह किनारे पर ले आए परन्तु वह उन्हें साइड की दीवार की ओर से किनारे पर नहीं ले जा सके क्योंकि यह बहुत फिसलन वाली थी। इस कोशिश में श्री टी० प्रदीप कुमार थक गए और नदी में डूबने लगे।

3. इस संकट की घड़ी में श्रीमती वी० ए० ऊषा कुमारी ने, जो नहर के किनारे से इस घटना को देख रही थी, अपनी साड़ी का दूसरा किनारा मजबूती से अपने हाथ में पकड़कर अपनी साड़ी नहर में डाल दी। उन्होंने अन्य व्यक्तियों की सहायता से डूबते हुए दो व्यक्तियों को एक-एक कर बाहर निकाला।

4. श्री टी० प्रदीप कुमार ने अपने जीवन की बिल्कुल परवाह न करते हुए एक व्यक्ति का जीवन डूबने से बचाने में साहस और सूझबूझ का परिचय दिया।

22. मास्टर युमनाम जयदेव सिंह,
सुपुत्र श्री युमनाम सनथोई सिंह,
नमबोल बाजार, जिला—विशनुपुर,
मणिपुर।

दिनांक 6-7-1998 को प्रातः लगभग 9.30 बजे नामबोल आवंग में नामबोल नदी को लकड़ी के टूटे हुए पुल (100 फुट चौड़ा और पानी के स्तर से 10 फुट ऊंचा) से पार करते हुए एक छोटा लड़का (आयु $3\frac{1}{2}$ वर्ष) पुल में सुराख से निकल कर उफनती नदी में गिर गया। उसी समय लगभग 9 वर्षीय मास्टर वाई० जयदेव सिंह नामक लड़के ने, जो नदी के पास से गुजर रहा था, इस लड़के को नदी में गिरते देखा। वह उस लड़के की ओर तेजी से दौड़ा और नदी में कूद गया तथा लड़के को तलाश किया। उसने लड़का ढूंढ लिया और उसे उसकी बाहों से पकड़ लिया। पानी का तेज बहाव उन दोनों को लगभग 50 फुट बहा कर ले गया। उस लड़के की एक बांह पकड़ कर मास्टर जयदेव किनारे की ओर जाने के लिए बहुत कठिनाई से लगभग 100 फुट तैरा तथा इस प्रकार उस लड़के को डूबने से बचाया।

2. छोटी उम्र के बावजूद मास्टर वाई० जयदेव सिंह ने अपने जीवन की परवाह न करते हुए एक लड़के का जीवन डूबने से बचाने में साहस और तत्परता का परिचय दिया।

23. मास्टर अलैग्जेन्डर खैरनायर,
मावलई—मोइन्स रिम,
शिलांग, ईस्ट खासी हिल्स,
जिला मेघालय।

26-8-1997 को सांय लगभग 3.30 बजे स्कूल से लौटते समय मास्टर खैरनायर जल क्रीड़ा स्थल के निकट उमियम झील की ओर तैरने के लिए गए। पास में अन्य अनेक लोग थे जो मछली पकड़ने के लिए वहां गए हुए थे। इस झील की चौड़ाई लगभग 1000 मीटर और गहराई 30/35 मीटर है। यकायक झील के निकट मौजूद हर व्यक्ति ने एक आदमी को डूबते हुए तथा मदद के लिए पुकारते हुए देखा। उस आदमी को डूबता देखकर मास्टर अलैग्जेन्डर खैरनायर ने आस-पास देखा और किनारे पर खड़ी एक नाव की ओर दौड़ा। उसने एक हाथ से नाव को पकड़ा तथा अपनी जान को जोखिम की तनिक भी परवाह किए बिना तैरते हुए उस डूबते आदमी की ओर गया। किसी प्रकार वह उस व्यक्ति को नाव से चिपटाने में कामयाब हो गया तथा उसे सुरक्षित किनारे पर ले आया।

2. मास्टर अलैग्जेन्डर खैरनायर ने अपनी जान को जोखिम की परवाह न करते हुए एक लड़के को डूबने से जान बचाने में साहस एवं तत्परता का परिचय दिया।

24. मास्टर रोमू छेत्री (मरणोपरांत)
बाजार बेगंकान, डॉरपुइ,
आइजौल, मिजोरम।

20–5–1998 को मास्टर रोमू छेत्री ने एक मिनी ट्रक की पूरी तरह सफाई करने के लिए उसे रुकनी नदी (हाइथाना) पर ले जाने के लिए, निर्णय किया। उसके साथ उसका चचेरा भाई (सहायक के रूप में) तथा गांव की दो युवा लड़कियां गई थीं।

2. उनमें से जैनी नाम की एक लड़की जो ट्रक की धुलाई कर रही थी, फिसलकर नदी में जा गिरी। नदी की गहराई लगभग 15 से 40 फुट तथा चौड़ाई लगभग 100 फुट थी। पानी की तेज धार उसे नदी के बीचों-बीच ले गई और वह डूबने लगी थी। मास्टर रोमू ने जो एक अच्छा तैराक नहीं था, जैनी को बचाने के लिए फौरन नदी में छलांग लगा दी। बहुत प्रयास के बाद वह उस लड़की को सुरक्षित स्थान की ओर धकेलने में सफल हो गया और इस प्रक्रिया में वह स्वयं नदी के गहरे दलदल में फंस गया जहां से वह फिर निकल नहीं सका।

3. इस घटना के तुरन्त बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसकी तलाश की गई और 2 घंटे बाद उसका शव 15 फुट की गहराई में मिला।

4. मास्टर रोमू ने एक लड़की की जान बचाने के प्रयास में साहस एवं सूझ-बूझ का परिचय दिया और इस कार्य में उसने अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दे दिया।

25. मास्टर सत्यभामा साहू,
पुत्र चन्द्रमणि साहू,
गांव जेकइकेला,
थाना बोनइ,
जिला सुन्दरगढ़,
उड़ीसा।

1–10–1997 को दोपहर लगभग 12 बजे मास्टर बिसमा बहेड़ा उम्र 6 वर्ष, अनिल कुमार बहेड़ा, उम्र 9 वर्ष, तथा सत्यभामा साहू, उम्र 12 वर्ष के साथ जकेइकेला स्नान घाट पर बह्माणी नदी में स्नान कर रहा था। घटना के समय पानी की गहराई लगभग 2 1/2 फुट से 3 फुट थी। नदी के तट पर अनिल कुमार बहेड़ा के पिता श्री अक्षय कुमार बहेड़ा, अक्षय कुमार बहेड़ा के बड़े भाई श्री देवानन्द बहेड़ा एवं ए०पी० आर० कांस्टेबल, श्री हिमांशु प्रधान बैठे गपशप कर रहे थे। जब वे तीनों बच्चे स्नान कर रहे थे तो मास्टर बिसमा नदी में गहराई तक चला गया, जहां गहराई लगभग 6 से 7 फुट तक थी और डूबने लगा। जब वह डूब रहा था तो उसी समय मास्टर सत्यभामा साहू उसके नजदीक गया, उसे पकड़ा तथा उसे बचाने की कोशिश की। दूसरा लड़का अनिल कुमार बहेड़ा भी उसके पास गया। चूंकि बिसमा बहेड़ा ने मास्टर सत्यभामा साहू को पकड़ रखा था इसलिए सत्यभामा साहू उसे बचा नहीं सका। दूसरी तरफ वह भी डूबने लगा था। इसी बीच बह्माणी नदी के तट पर बैठे गपशप कर रहे श्री अक्षय कुमार बहेड़ा, श्री देवानन्द बहेड़ा और श्री हिमांशु प्रधान नदी में कूद गए। श्री हिमांशु प्रधान ने मास्टर बिसमा बहेड़ा को, श्री देवानन्द बहेड़ा ने मास्टर सत्यभामा साहू को, तथा श्री अक्षय कुमार बहेड़ा ने मास्टर अनिल कुमार बहेड़ा को बचा लिया और सुरक्षित स्थान पर ले आए।

2. मास्टर सत्यभामा साहू ने डूबते हुए लड़के तक तेजी से पहुंचने में और अपनी जान को जोखिम में डालकर उसकी जान बचाने का प्रयास करने में अनुकरणीय साहस का परिचय दिया।

26. श्री अंशुल कुमार नन्दवाना, (मरणोपरांत)
सुपुत्र श्री कुंज बिहारी नन्दवाना,
1–बी–19, तलवंडी,
कोटा, राजस्थान।

27. श्री मनोज वर्मा, (मरणोपरांत)
सुपुत्र श्री लाल चन्द वर्मा,
निवासी विज्ञान नगर,
कोटा, राजस्थान।

28. श्री राजकुमार ठठेरा, (मरणोपरांत)
सुपुत्र श्री गिरधर गोपाल,
ठठेरा अग्रसेन बाजार,
कोटा (राजस्थान)।

20–8–1995 को तोली हैल्थ सेंटर के सदस्यों का एक दल चित्तौड़गढ़ में पर्यटक स्थलों का भ्रमण करने गया। इन सदस्यों में से चार व्यक्ति श्री अंशुल कुमार नन्दवाना, श्री राजकुमार ठठेरा, श्री लक्ष्मी नारायण सोंगरा हैल्थ सेंटर के मालिक श्री मनोज वर्मा के साथ नीचे जल-प्रपात देखने गए। एक परिवार की कुछ महिलाएं एवं बच्चे वहां स्नान कर रहे थे। अचानक पानी का प्रवाह बढ़ गया और महिलाएं एवं बच्चे पानी में घिर गए तथा मदद के लिए चीखने-चिल्लाने लगे। चारों लड़के मानवता एवं चिन्ता का प्रदर्शन करते हुए अपनी जान को जोखिम की परवाह किए बिना उन्हें बचाने के लिए पानी में उतर गए और मानव श्रृंखला बना ली। उन्होंने एक-एक करके 3 बच्चों को बचा लिया। तब तक पानी का स्तर और भी बढ़ गया था। जब वे दो महिलाओं को बचाने का प्रयास कर रहे थे तभी एक महिला श्रीमती विमला सिंघल फिसल गई और उसने श्री अंशुल कुमार को पकड़ लिया जिसके कारण मानव-श्रृंखला टूट गई और वे अपना नियंत्रण खो बैठे। श्री लक्ष्मी नारायण को छोड़कर शेष सभी डूब गए तथा इस प्रक्रिया में उनकी जान चली गई। कुल मिलाकर छः लोगों की जानें गईं।

2. श्री अंशुल कुमार मल्होत्रा, श्री मनोज शर्मा और श्री राजकुमार ठठेरा ने 5 बच्चों एवं 2 अन्य महिलाओं की जान बचाने में अपने जीवन का बलिदान देकर साहस तथा सूझबूझ का परिचय दिया।

29. श्री दिग्विजय सिंह (मरणोपरान्त)
प्लाट सं० 54, चन्द्र नगर,
गोपालपुरा बाइपास,
जयपुर, राजस्थान।

16-4-1996 को हमीरपुर गांव में एक व्यक्ति कुएं में गिर पड़ा। कुआं 30 फीट गहरा था और गोलाकार था जिसका व्यास 11 फुट था तथा कुएं में पानी का स्तर 6 फुट था। उसे बचाने की जान बचाने के लिए सबसे पहले श्री हनुमान एक रस्सी की सहायता से कुएं के अन्दर गए। जहरीली गैस के कारण वे कुएं के अन्दर ही फंस गए। तत्पश्चात् श्री दिग्विजय सिंह श्री हनुमान को बचाने के लिए अपनी जान को जोखिम की तनिक भी परवाह किए बिना कुएं के अन्दर गए। जहरीली गैस के कारण वे भी बेहोश हो गए तथा उनकी मृत्यु हो गई।

2. श्री दिग्विजय सिंह ने कुएं में डूबते से एक व्यक्ति की जान बचाने के प्रयास में साहस एवं वीरता का परिचय दिया तथा इस प्रक्रिया में अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दे दिया।

30. श्री महेन्द्र सिंह चौहान,
सुपुत्र श्री नेमीचन्द्र चौहान,
शिवनगर, महामन्दिर,
जोधपुर, राजस्थान।

22-6-1996 को खिन्सर गांव में बाढ़ आई हुई थी। गांव से लगभग 1 कि० मी० की दूरी पर एक बस नागौर-जोधपुर सड़क पर बाइपास पर बाढ़ के पानी में फंस गई। बस में फंसे यात्रियों की जान बचाने के लिए खिन्सर गांव के श्री महेन्द्र सिंह चौहान बाढ़ के पानी में घुस गए। वे एक-एक करके तीन व्यक्तियों को अपने कंधों पर उठा लाए और उन्हें सुरक्षित स्थान पर लाकर उनकी जान बचाई।

2. श्री महेन्द्र सिंह ने अपनी जान को जोखिम की परवाह किए बिना डूबने से तीन व्यक्तियों की जान बचाने में साहस, तत्परता एवं सूझबूझ का परिचय दिया।

31. श्री तेजवीर सिंह,
बांध परियोजना कैम्पस,
सरिस्का, राजस्थान।

20 दिसम्बर, 1997 को एक तेंदुआ सरिस्का वन्य जीव अरण्य से बाहर निकल आया और उसे गांव खोता-का-बास पुलिस थाना मालाखेड़ा के निकट देखा गया। उसने तीन ग्रामीणों पर हमला करके उन्हें घायल कर दिया और फिर सोहनिया सैनी की झोंपड़ी के अन्दर बैठ गया। ग्रामीणों में भय व्याप्त था।

2. सूचना मिलने पर श्री तेजवीर सिंह क्षेत्र निदेशक, सरिस्का, एक बचाव दल को लेकर गांव खोता-का-बास पहुंचे। जिस घर में तेंदुआ घुसा हुआ था उसके निकट एक हजार से अधिक लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई थी। यह एक छत की छप्पर वाला कच्चा झोंपड़ीनुमा मकान था तथा इसके दोनों तरफ बिना दरवाजों के दो गेट थे। तेंदुएं को बेहोश करने के लिए टीका प्रक्षेपक दागने का निर्णय लिया गया। वन रक्षकों ने तेंदुए को मकान से बाहर निकलने से रोकने के लिए दोनों दरवाजों पर बड़े बड़े कम्बल लगा दिए। तेजवीर सिंह झोंपड़ीनुमा मकान की छप्पर वाली छत पर चढ़ गए और छत में एक भाल की सहायता से छेद बनाया एवं "ड्रैगन लाइट" की सहायता से झोंपड़ी में घुसे। वह अगला कदम उठाने की तैयारी कर ही रहे थे कि तेंदुआ छप्पर वाली छत से कूदा और तेजवीर सिंह पर हमला कर दिया। उसने उनका हाथ काट खाया तथा उन्हें और भी कई गम्भीर चोटें आईं। तब तेंदुआ दूसरी तरफ कूदा और साथ के एक कच्चे छप्पर में घुस गया। श्री तेजवीर सिंह ने धैर्य और साहस नहीं खोया और तेंदुए को जिन्दा पकड़ने का प्रयास किया। उन्होंने तेंदुए को बेहोश कर दिया। एक दरी की सहायता से वह तेंदुए पर झपटे और उस पर दरी डालकर उसे पकड़ लिया।

3. श्री तेजवीर सिंह ने अपने प्राणों की परवाह किए बगैर ग्रामीणों की जान बचाने में तथा तेंदुएं को जीवित पकड़ने में साहस, वीरता और सूझ-बूझ का परिचय दिया।

32. श्री तपसी दासम्याल भूटिया,
अध्यापक, स्थानिक के सिक्किम,
डाकघर व नगर गंगटोक, सिक्किम।

19-1-98 को प्रातः 10.10 बजे के लगभग गंगटोक के निकट देवराली बाजार के बिल्कुल पास शहरी क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र की घड़ियां बनाने की इकाई सिक्किम टाइम कारपोरेशन के परिसर में एक रीछ घुस आया। घड़ी इकाई के सभी कर्मचारी उस समय चाय का समय होने के कारण प्रांगण में अथवा कैण्टीन में थे। रीछ के नजर आते ही कर्मचारी, जिनमें से अधिकांश महिलाएं थीं भयभीत हो गई और अधिकांश घड़ियां बनाने के भवन के अन्दर की ओर भागीं जहां रीछ ने उनका पीछा किया जबकि 30 के लगभग महिलाएं प्रशिक्षण एवं सामान कक्ष में घुस गई और उसे अन्दर से बन्द कर लिया। दुर्भाग्य से कुछ को बरामदे में ही उस जानवर का सामना करना पड़ा। वहां रीछ ने एक लड़की पर हमला करके उसे घायल कर दिया। दो अन्य लड़कियों को भी मामूली चोटें आईं। हालांकि इन घायल लड़कियों को भी स्नानघर में घुसने का मौका मिला किन्तु जब रीछ साथ के अन्य कमरों की ओर बढ़ रहा था तब उन्हें भी अन्य लोगों के साथ स्नानघर तथा सामानघर में घसीट लिया गया। ये स्थान भी खतरे से बाहर नहीं थे क्योंकि रीछ लकड़ी के दरवाजों पर बार बार टक्कर मारकर अन्दर घुसने की कोशिश कर रहा था तथा ये कभी भी टूट सकते थे।

2. तब रीछ साथ वाले प्रशीतन संयंत्र कक्ष में घुस गया। श्री तपसी तामस्याल भूटिया बाहर से रीछ की हरकतें देख रहा था। वह जंगली जानवर को प्रशीतन कक्ष के अन्दर रोकने में सफल हो गया। श्री भूटिया ने अपनी परवाह किए बगैर अदम्य साहस से मुख्य दरवाजा खोला, भवन में प्रवेश किया और प्रशीतन कक्ष के कमरे को बाहर से बन्द कर दिया। इसके बाद उसने

दोनों कमरों में बन्द लड़कियों को इशारा किया और उन्हें सुरक्षित बाहर ले आया । उसकी कार्रवाई को एक क्षण ही हुआ था कि रीछ प्रशीतन कक्ष के रोशनदान को तोड़कर बाहर निकल आया और एक बार फिर भवन में खुला घूमने लगा ।

3. श्री ताशी ताफग्याले भूतिया की बहादुरी तथा समय पर की गई कार्रवाई से 30 कर्मचारियों के जीवन को गम्भीर चोटों तथा संभावित भयंकर आपदा से बचाया जा सका ।

33. श्री मनोज सामन्त,
जखानी गांव,
पटवारी एरिया मेहरखाल,
तहसील व जिला पिथौरागढ़,
उत्तर प्रदेश ।

18-3-1997 को दोपहर 2.30 बजे के लगभग एक नरभक्षी शेर गांव राई जिला पिथौरागढ़ में घुस आया तथा उसने एक ग्रामीण पर हमला कर दिया । अचानक हमले के कारण अन्य ग्रामीण अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे । उसी समय वहां से गुजर रहे श्री मनोज सामन्त मौके पर पहुंचा और उसने शेर के पीछे की ओर से उसके सिर पर डण्डा दे मारा । तब शेर ने मनोज सामन्त पर हमला कर दिया, जोकि उसे पांच मिनट तक लड़ता रहा । श्री सामन्त को गम्भीर चोटें आई । तब तक ग्रामीण शस्त्र लेकर लौट आए और उन्होंने शेर पर हमला करके उसे गांव से बाहर भगा दिया ।

2. श्री मनोज कुमार ने अपने प्राणों की परवाह किए बगैर साहस और सूझ-बूझ से ग्रामीण का जीवन बचाया ।

34. श्री मो० अली,
1 जैड, रोपवेज कालोनी,
डाकखाना मैडमपुर,
पुलिस थाना अण्डल,
प० बंगाल ।

9-4-98 को चार छोटे लड़के संदीप दास, मास्टर परितोष मण्डल, मास्टर जयन्त मण्डल तथा मास्टर शुभदीप दास, पानी में खेलते हुए दामोदर नदी के रेतीले गड्ढे में धंस गए । डूबते लड़कों की चीख पुकार सुनकर श्री शंकर मण्डल एवं श्री जीवन चटर्जी उस स्थान की ओर दौड़े । श्री शंकर मण्डल ने मास्टर जयन्त मण्डल, मास्टर परितोष मण्डल तथा मास्टर संदीप दास को दो बार प्रयास करके अंत में बचा लिया । तब वह निढ़ाल हो चुके थे । श्री जीवन चैटर्जी तैरना नहीं जानने के कारण शुभदीप दास को नहीं बचा सके, तब तक वह डूब रहा था और दूर बहता जा रहा था । मो० अली नदी के किनारे पर बैठा हुआ था । लड़कों की चीख-पुकार सुनकर वह उस ओर दौड़ा तथा अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर मास्टर शुभदीप दास को बचाने के लिए नदी में कूद पड़ा । वह तैरकर नदी पार कांके उस स्थान तक गया जहां शुभदीप बह गया था । कई गोते लगाने के बाद वह मास्टर शुभदीप का पता लगाने में सफल हो गया । तथापि लड़के को बचाने के प्रयास में वह मास्टर शुभदीप सहित नदी तल में धंस गया और उसकी मृत्यु हो गई । मो० अली का शव उसी दिन मैडमपुर में मिला ।

2. स्व० मो० अली ने एक डूबते लड़के का जीवन बचाने का प्रयास करते हुए साहस एवं वीरता दिखाई तथा इस काम में अपने प्राणों की आहुति दी ।

35. हवलदार बिजेन्द्र सिंह,
गांव व डाकखाना कलिंगा,
पुलिस थाना कलानौर,
तहसील व जिला रोहतक, (हरियाणा) ।

4 सितम्बर, 1996 को ऋषिकेश जाते समय "कोदिल्या" जिला टिहरी (उ० प्र०) में भू-स्खलन के कारण हवलदार बिजेन्द्र सिंह, कई सैनिक तथा कुछ परिवार देर रात तक अटके हुए थे ।

2. 23.00 बजे के लगभग उसके एक मित्र की लड़कियां अपनी मां के साथ सड़क के किनारे पर खड़ी थी । अचानक एक तेंदुआ झपटा और सात वर्षीय लड़की को उठाकर सड़क के किनारे की जंगली ढ़लान की ओर उतर गया ।

3. हवलदार बिजेन्द्र सिंह अपने प्राणों को खतरे में डालकर तेंदुए के पीछे ढलान पर कूद गया । ढलान पर लुढ़कते हुए वह तेंदुए तक पहुंच गया तब तक वह लगभग 120 गज तक जा चुका था । लड़की के पिता तथा कुछ सैनिक भी उसके पीछे थे ।

4. हवलदार बिजेन्द्र सिंह अकेला बहादुरी से तेंदुए के साथ लड़ा और उसके बच्चे को तेंदुए के पंजों से बचाया । तेंदुए ने मुड़कर फिर हमला किया और बच्चे के मुंह पर हथेली मार दी । इस पर हवलदार बिजेन्द्र सिंह ने तेंदुए के माथे पर अपनी टार्च से चोट मारी । तब तेंदुआ भाग निकला, लड़की को सड़क पर लाया गया तथा ऋषिकेश हस्पताल पहुंचाया गया ।

5. हवलदार बिजेन्द्र सिंह ने एक बच्चे का जीवन बचाने में वीरता एवं पराक्रम का परिचय दिया ।

36. सवार होशियार सिंह यादव (मरणोपरान्त)
गांव गांधी नगर
डाकघर ध टी ओ० मण्डावर,
जिला अलवर, राजस्थान

4 जुलाई, 1998 को पूर्वाह्न 08.00 बजे 66 आरमर्ड रैजीमैण्ट का सवार होशियार सिंह यादव जो चिकगांव गांधी नगर जिला अलवर में वार्षिक छुट्टी पर आया हुआ था,

उसने गांव के एक सूखे कुएं से सहायता के लिये चिल्लाये जाने की आवाजें सुनी। वह तत्काल वहां पहुंचा तो कुएं के चारों ओर इकट्ठा हुई भीड़ ने बताया कि तीन आदमी एक मरी हुई बकरी को निकालने के लिये कुएं में उतरे थे, वे कुएं में जले हुए टायरों तथा जलती घास से उत्पन्न धुएं एवं जहरीली गैस के कारण कुएं से बाहर नहीं आ पा रहे थे।

2. स्थिति की नाजुकता तथा कुएं में व्यक्तियों की जान को खतरे को भांपते हुए सवार होशियार सिंह, जहरीली गैस से जीवन के खतरे के बावजूद तत्काल एक रस्सी लेकर कुएं में उतर गया। उसने एक व्यक्ति को खोजा जो बेहोश हो चुका था, उसे रस्सी से बांधा और ग्रामीणों ने उसे कुएं से बाहर खींच लिया। जहरीली गैस तथा अपनी जान की खतरे की परवाह किए बगैर सवार होशियार सिंह ने दृढ़ निश्चय से बाकी दो व्यक्तियों की तलाश जारी रखी। तथापि थोड़ी देर बाद उसने स्वयं को गैस से प्रभावित होता महसूस किया और कुएं से बाहर आना शुरु किया। वह आधे रास्ते ही पहुंच पाया था कि गैस से बुरी तरह प्रभावित होकर वह फिर कुएं में गिर पड़ा और बेहोश हो गया।

3. सवार होशियार सिंह ने अदम्य साहस, एवं पराक्रम का परिचय दिया तथा स्वेच्छा से एक मानवीय कार्य किया तथा साथी लोगों की जान बचाने में अपने प्राणों का बलिदान दे दिया।

37. सैकेंड लेफ्टिनेंट केसू प्रसाद नायर,
24, राजदीप, मोह० मेंडसे कालोनी,
किवाले, तहसील रावेत,
जिला पुणे, महाराष्ट्र।

6 मार्च, 1996 को 14 00 बजे केसू प्रसाद नायर, पश्चिम कमांग जिले (अरुणाचल प्रदेश) के रूपा नामक स्थान से यूनिट में वापस आ रहे थे। बोमडिला तेगारोड पर चुग पुल से थोड़ा पहले उन्होंने सड़क के किनारे कुछ लोगों को एकत्र देखा। उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति एक खड़ी दरार में लता के सहारे 50 फीट नीचे लटका हुआ था और उसके नीचे एक तेज नाला बह रहा था। जबकि वह व्यक्ति सहायता के लिये चीख रहा था लेकिन एकत्र लोग असहाय होकर देख रहे थे।

2. सैकण्ड लेफ्टिनेंट केसू प्रसाद नायर ने एक क्षण भी नहीं गवाया। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की रत्ती भर भी परवाह न करते हुए उन्होंने ड्राईवर से गाड़ी से रस्सी निकालने के लिये कहा जिसमें वह सफर कर रहे थे। उन्होंने रस्सी को नजदीक के खम्भे से बांध दिया और फिसलते हुए उस स्थान पर पहुंचे जहां व्यक्ति लटका हुआ था। उन्होंने रस्सी उस व्यक्ति की कमर में बांध दी और ड्राईवर से उसे खींचने के लिये कहा। जब वह व्यक्ति सुरक्षित पहुंच गया तभी वे रस्सी के सहारे ऊपर आये हालांकि उन्हें अच्छी तरह मालूम था कि जरा सा फिसलने पर उनकी जान चली जायेगी।

3. सैकण्ड लेफ्टिनेंट केसू प्रसाद नायर ने एक अज्ञात व्यक्ति का जीवन बचाने में सूझबूझ, अनुकरणीय साहस और वीरता का परिचय दिया।

38. लांस नायक मैडेसेरी,
पापाचन विल्सन,
गांव और डाकघर मुकानूर,
जिला एर्नाकुलम, केरल।

लांस नायक मैडेसेरी पापाचन विल्सन केरल के एर्नाकुलम के पास मूकानूर में अपनी छुट्टियां बिता रहे थे। 2 अप्रैल, 1997 की रात्रि हार्डवेयर की एक दुकान में भयंकर आग लग गई। यह दुकान ऐसे बिक्री केन्द्र में स्थित थी जिसमें 12 दुकानें थी। आग से वे पूरी दुकानें जल गई और यह फैलती गई। आग की भयंकरता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि परिसर में अन्य दुकानों को आग से बचाने तथा उस पर काबू पाने के लिये 12 दमकल गाड़ियां भेजनी पड़ी।

2. लांस नायक मैडेसेरी पापाचन विल्सन ने तत्काल स्थिति को संभाला। उन्होंने वहां पहुंच चुके स्थानीय ग्रामीणों पुलिस कर्मियों और अग्निशमन कर्मियों को एकत्र किया तथा बचाव कार्य के सम्बन्ध में निदेश दिया। भयंकर खतरे और तनाव के क्षण में उनका सामयिक हस्तक्षेप और नेतृत्व, सूझबूझ और व्यक्तिगत सुरक्षा की रत्ती पर भी परवाह न करने की भावना के कारण बड़ी संख्या में लोगों का जीवन और उस क्षेत्र की अन्य दुकानों तथा संपत्ति को बचाने में मदद मिली। इस कार्य में लांस नायक मैडेसेरी पापाचन विल्सन बुरी तरह घायल हो गये और उन्हें चिकित्सा के लिये एर्नाकुलम, कोची, केरल के विशेषज्ञ अस्पताल के गहन चिकित्सा यूनिट में भर्ती कराया गया।

3. लांस नायक मैडेसेरी पापाचन विल्सन ने आग से अनेक प्राणों और संपत्ति को बचाने में उद्भुत साहस और सूझबूझ का परिचय दिया।

39. नायब सूबेदार प्रमोद पाधी,
गांव बाड़ा खोली,
डाकघर मेटनोई, जिला आस्का,
उड़ीसा।

20 सितम्बर, 1996 को नायब सूबेदार प्रमोद पाधी गंगटोक के नई छावनी क्षेत्र में पाइप बजाने वाले बैंड का पर्यवेक्षण कर रहे थे। तभी उन्होंने अपनी ओर दौड़कर आते हुए दो लड़कों को देखा जिनके चेहरे पर हवाई उड़ रही थी। लड़कों से पूछताछ करने पर नायब सूबेदार प्रमोद पाधी को ज्ञात हुआ कि उनका एक साथी लाल बहादुर खेलते समय पानी के खुले टैंक में गिर गया था। नायब सूबेदार प्रमोद पाधी को लगा कि एक क्षण की देर भी प्राणलेवा हो सकती है, इसलिये वे तुरन्त पानी के टैंक की ओर दौड़े। शैवाल और पणुनक की मौजूदगी के कारण पानी मैला हो गया था और लड़का दिखाई नहीं पड़ रहा था। लड़के की मौजूदगी का कोई लक्षण नजर नहीं आ रहा था।

2. निडर और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए नायब सूबेदार प्रमोद पाधी टैंक में उतर पड़े। कुछ सेकेंड के बाद वे अचेत बालक के साथ उत्तर आये। नायब सूबेदार प्रमोद पाधी ने अनुकरणीय सूझबूझ का प्रदर्शन करते हुए बच्चे के फेफड़े में एकत्र पानी निकालने के लिये प्राथमिक उपचार किया और श्वसन क्रिया आरम्भ की। तत्पश्चात् उन्होंने बच्चे को अपनी गोद में उठाकर पास खड़ी एक गाड़ी में रखा और उसे गंगटोक स्थित सैनिक अस्पताल के सहायक चिकित्सा यूनिट में भर्ती कराया। वहां उसके जीवन की रक्षा के लिये उपचार किया गया।

3. नायब सूबेदार प्रमोद पाधी ने डूबने से एक बालक का जीवन बचाने में अद्भुत साहस, तत्परता और सूझबूझ का परिचय दिया।

40. नायक रणजीत सिंह,
गांव व डाकखाना नन्दप्रयाग,
जिला चमोली (गढ़वाल),
उत्तर प्रदेश—246419।

41. लांस नायक शांति प्रसाद,
गांव अदेव गुणा,
डाकखाना पुरौला,
जिला उत्तरकाशी,
उत्तर प्रदेश।

गढ़वाल राइफल्स का पर्वतारोहण अभियान दल गढ़वाल क्षेत्र में 23,420 फीट की ऊंचाई पर स्थित चौखम्बा—1 चोटी पर चढ़ने के लिए तैयारी कर रहा था। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह दल गंगोत्री के निकट गौरी कुण्ड नामक स्थान पर प्राथमिक प्रशिक्षण एवं तैयारी कर रहा था। 19 अगस्त, 1996 को निकट के गांव से एक नागरिक कैम्प स्थल पर दौड़ता हुआ आया और उसने नायक रणजीत सिंह को बताया कि एक फ्रैंच महिला (जो बाद में श्रीमती शिर्ले मार्कीस के रूप में पहचानी गई) वहां का नजारा देखते समय भागीरथी नदी (गंगा) के 60 फीट ऊपर सीधे खड़े किनारे से नीचे घाटी में गिर गई है। किसी भी आदेश की प्रतीक्षा किए बगैर रणजीत सिंह तत्काल लांस नायक शांति प्रसाद को साथ लेकर दुर्घटना स्थल की ओर दौड़ा।

2. दुर्घटना स्थल पर पहुंचने पर नायक रणजीत सिंह ने पाया कि महिला घाटी में नीचे गिरी हुई थी और बड़े गोल पत्थर पर पड़ी थी। उसने तत्काल अपने को रस्सियों से बांधा और घाटी में नीचे उतर गया। बड़ी कठिनाई से वह उस स्थान तक पहुंचा जहां महिला बेहोश पड़ी थी। नायक रणजीत सिंह तथा लांस नायक शांति प्रसाद ने महिला को बड़े ध्यानपूर्वक तथा सावधानी से बारी-बारी अपनी पीठ पर उठाया ताकि उसे और चोट न लगे तथा धीरे-धीरे खड़ी ढलान पर ऊपर चढ़ने लगे। प्रत्येक कदम के साथ चढ़ाई बड़ी कठिन हो गई थी परन्तु दोनों जवानों ने अपने जीवन के प्रति खतरे की परवाह किए बगैर दृढ़ निश्चय से तंग घाटी के तीखे नुकीले पत्थरों तथा ऊपर से गिरते पत्थरों से बचते हुए आगे बढ़ना जारी रखा। बेहोश महिला को उठाए रखने में तथा सीधी ढलान पर बुद्धिमता से चढ़ने में उन्होंने एक-दूसरे की सहायता की तथा जब ऊपर पहुंचे तो वे निढाल हो चुके थे। दृढ़ इच्छा-शक्ति एवं धैर्य से उन्होंने असहाय महिला को मौत से बचाया।

3. नायक रणजीत सिंह और लांस नायक शांति प्रसाद ने महिला की जान बचाने में अनुकरणीय जीवट के लिए महत्वपूर्ण तथा निःस्वार्थ कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

42. लांस नायक शरद किटूकाले,
गांव फुलाम्बा,
डाक : कुरखा,
जिला : अमरावती,
महाराष्ट्र।

दिनांक 25 मार्च, 1997 को लांस नायक शरद किटूकाले गांव कारोली, राजस्थान के पास उनकी कंपनी द्वारा बनाये गये हैलिपैड के समीप पिकेट गार्ड ड्यूटी पर थे। लगभग 2100 बजे उन्होंने पास की झोंपड़ी की छत से आग की लपटें उठती देखी। उन्होंने तुरन्त अन्य लोगों को जगाया और गार्ड कमांडर से अनुमति लेकर घटनास्थल की ओर दौड़े। वहां पहुंचने वाले वे प्रथम व्यक्ति थे। उन्होंने देखा कि झोंपड़ी के बाहर एक महिला चिल्ला रही है क्योंकि उसके दो बच्चे जलती झोंपड़ी के अन्दर थे। वे तुरन्त ही अपनी जान की परवाह किये बिना अंदर गये और बच्चों को बाहर निकाल लाये। बच्चों को बाहर निकालने के आधा मिनट बाद ही झोंपड़ी पूर्णत: टूटकर नीचे गिर पड़ी। लांस नायक शरद किटूकाले की इस समयोचित और तत्वरित कार्रवाई से दो बच्चों की जान बच गई जिनमें से एक की आयु एक वर्ष से भी कम थी।

2. लांस नायक शरद किटूकाले ने दो बच्चों का जीवन बचाने में साहस और सूझबूझ का परिचय दिया।

43. सी० एफ० एन०/सी० एम० (ए० एफ० वो०) (मरणोपरांत)
श्याम बिहारी उपाध्याय,
गांव डिलिया,
डाक मधानपुर,
तह० जगदीशपुर,
जिला भोजपुर,
बिहार।

10 मई, 1996 को एल० आर० डब्ल्यू० मुख्यालय स्क्वा० 43 आर्म्ड ब्रिगेड के सी० एफ० एन० श्याम बिहारी उपाध्याय, उसी यूनिट के एक जे० सी० ओ० की मृतक पुत्री के दाहसंस्कार के उपरांत होने वाले अनुष्ठान संबंधी कार्यों में मदद करने के लिए तैनात किए गये थे।

2. सी० एफ० एन० श्याम बिहारी उपाध्याय मृतक की राख को विसर्जित करने के लिए जे० सी० ओ० के साथ भाखरा नहर गये थे । ऐसा करते समय जे० सी० ओ० अचानक फिसलकर नहर में गिर पड़े । जे० सी० ओ० को बचाने के लिए उनकी पत्नी भी नहर में कूद पड़ी और पानी की तेज धारा दोनों को बहा ले गयी ।

3. सी० एफ० एन० श्याम बिहारी उपाध्याय, अपने जीवन को उत्पन्न होने वाले अत्यधिक गंभीर खतरे की चिन्ता न करते हुए जे० सी० ओ० और उनकी पत्नी को बचाने के लिए अपनी काम्बेट पोशाक में ही नहर के भंवरदार पानी में तत्काल कूद पड़े । जब तक उन्होंने जे० सी० ओ० की पत्नी को नहीं बचा लिया तब तक वे पानी की भंवरदार लहरों से काफी समय तक लड़ते रहे । घोर प्रयासों और थकान से चूर सी० एफ० एन० श्याम बिहारी उपाध्याय अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए पुनः जे० सी० ओ० को बचाने का प्रयास करने लगे । यद्यपि वे बुरी तरह थक गये थे परन्तु उन्होंने जे० सी० ओ० को बचाना जारी रखा और अंततोगत्वा उन्हें सुरक्षित बचा लिया । तब तक भाखरा नहर के प्रचंड और भंवरदार पानी से लड़ने के कारण सी० एफ० एन० श्याम बिहारी उपाध्याय पूरी तरह से थककर चूर हो गए और भंवर में फंस कर डूब गए ।

4. सी० एफ० एन० श्याम बिहारी उपाध्याय ने एक व्यक्ति और उसकी पत्नी का जीवन बचाने में अपने जीवन का सर्वोच्च और अंतिम बलिदान दिया ।

44. मास्टर अनुराग,
ई–302, गली सं० 6,
सुभाष विहार, भजनपुरा,
दिल्ली ।

45. मास्टर मो० आतिफ,
बी–4/141, यमुना विहार,
दिल्ली ।

46. कुमारी शिवानी शर्मा,
सी–407/एच, गली सं० 25,
भजनपुरा,
दिल्ली ।

दिनांक 18–11–1997 को कुमारी शिवानी शर्मा और उसका छोटा भाई जतिन स्कूल जाने के लिए सुबह बस में चढ़े । मोहम्मद आतिफ और अनुराग क्षमता से ज्यादा भरी बस में पहले से ही अन्दर थे । यमुना नदी पर बने वजीराबाद पुल को पार करते समय तेज गति वाली यह बस पलट गई और पुल पर बनी लोहे की रेलिंग तोड़कर नदी में जा गिरी । देखते ही देखते बस में पानी भर गया । सीटों के मध्य में फंसे छात्रों ने बस से बाहर आने के लिए हताशपूर्ण प्रयास किए । अत्यधिक प्रयासों से शिवानी, आतिफ और अनुराग ने किसी तरह खिड़की के पास पहुंचकर खिड़की के शीशे तोड़े । तत्पश्चात् उन्होंने खिड़की से कुछ छात्रों को बाहर खींचा और इसकी चोटी पर सुरक्षित पहुंचने में उनकी मदद की । वहां से मछली पकड़ने वाले और अन्य लोगों ने नावों में बच्चों को सुरक्षित बचाया ।

2. मास्टर अनुराग, मो० आतिफ और कुमारी शिवानी शर्मा ने अनेक विद्यार्थियों को नदी में डूबने से बचाने में अपने साहस, अपनी तत्परता और सूझबूझ का परिचय दिया ।

47. मास्टर संकेत सुरेन्द्र सालवी,
डी/17–138, एम०आई०जी० कालोनी,
गांधी नगर, बांद्रा (पूर्व),
मुम्बई (महाराष्ट्र) ।

02–02–1998 को करीब 7.30 बजे सायं, कुछ बच्चे पटनाकर नगर कालोनी के एक भवन के परिसर में खेल रहे थे । अचानक एक आवारा कुत्ता एक बच्चे पर झपटा और उसके दाहिने बाजू में काट लिया । मास्टर संकेत जो पास ही अपने दोस्तों के साथ खड़ा था, उसकी सहायता के लिए आगे बढ़ा । तथापि, कुत्ता वहां से भाग गया और कुछ दूरी पर खड़ी पांच वर्षीय अदिती श्याम की तरफ बढ़ा । कुत्ते ने उसकी नाक को अपने जबड़े के बीच मजबूती से पकड़ लिया और उसका गला पकड़ने ही वाला था । किंकर्तव्यविमूढ़ छोटी लड़की चिल्लाई । शोर सुन अन्य आवारा कुत्ते इकट्ठे हो गए, और जल्द ही अदिती को सात-आठ कुत्तों ने घेर लिया । खतरे को भांपते हुए, मास्टर संकेत अपनी जान की परवाह न करते हुए अदिती की तरफ दौड़े । उसने अपने दोनों हाथों से कुत्ते के जबड़े को कस कर पकड़ा और कुत्ते को लड़की के पास से दूर फेंक दिया । मास्टर संकेत ने अदिती को, जिसके खून बह रहा था, उठा लिया और अन्य कुत्तों को खदेड़ दिया । अदिती को अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी प्लास्टिक सर्जरी की गई ।

2. मास्टर संकेत सुरेन्द्र सालवी ने कुत्ते के आक्रमण से एक बच्ची का जीवन बचाने में साहस, अपनी तत्परता तथा सूझबूझ का परिचय दिया ।

48. मास्टर सुदेश कुमार सोंधी,
ग्राम बाबूपुरा,
तहसील सागर, जिला सागर,
मध्य प्रदेश ।

05–02–98 को करीब 8.30 बजे रात्रि को एक ट्रैक्टर ट्राली और उसपर भिरोजा पुल पर टकरा गए । इसके परिणामस्वरूप, कई बच्चों को ले जा रही ट्राली जिसमें मास्टर सुदेश सोंधी और कुमारी करुणा दूबे भी थीं, कुछ दूरी पर एक नाले में जा गिरी । हालांकि मास्टर सुदेश सोंधी को पैर और कान पर चोट लगी, लेकिन वह अन्य बच्चों

को बचाने के लिए आगे बढ़ा। कुछ प्रयत्न करने के बाद, उसने नाले में कमल, कल्पना और नीलिमा को बाहर निकाला।

2. मास्टर सुदेश कुमार सोंधी ने नाले में डूबने से अनेक बच्चों की जान बचाने में साहस, अपनी तत्परता और सूझबूझ का परिचय दिया।

अरुण मित्रा, राष्ट्रपति का उप सचिव

लोक सभा सचिवालय

(कृषि संबंधी स्थायी समिति)

नई दिल्ली-110001, दिनांक 24 मार्च 1999

सं० 6/1/2/ए०सी०/99—माननीय लोक सभा अध्यक्ष ने श्री सी० सुरेश रेड्डी, संसद सदस्य, लोक सभा को 18 मार्च, 1999 से लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) एन० फोली के स्थान पर विभागों से संबद्ध कृषि संबंधी स्थायी समिति का सदस्य मनोनीत किया है।

एस० बाल शेखर, उप सचिव

इस्पात और खान मंत्रालय

(इस्पात विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 30 मार्च 1999

संकल्प

सं० ई०-11015(4)/96-हिन्दी—इस्पात और खान मंत्रालय (इस्पात विभाग), भारत सरकार ने इस्पात विभाग की हिन्दी सलाहकार समिति का पुनर्गठन करने का निश्चय किया है। पुनर्गठित समिति का गठन, कार्य आदि इस प्रकार होंगे :—

गठन

1. इस्पात मंत्री और खान मंत्री — अध्यक्ष
2. इस्पात और खान राज्य मंत्री — उपाध्यक्ष

गैर-सरकारी सदस्य

3. डा० (श्रीमती) प्रभा ठाकुर, संसद सदस्य (लोक सभा), 44, मीना बाग, नई दिल्ली। — सदस्य
4. श्रीमती कृष्णा बोस, संसद सदस्य (लोक सभा), 72, नार्थ एवेन्यू, नई दिल्ली-110001। — सदस्य
5. श्री सोहन पोटाई, संसद सदस्य (लोक सभा), नई दिल्ली। — सदस्य
6. श्री बालासाहेब विखे पाटिल, संसद सदस्य (लोक सभा) नई दिल्ली। — सदस्य
7. श्री सनातन बिसि, संसद सदस्य (राज्य सभा) नई दिल्ली। — सदस्य
8. श्री देवी प्रसाद सिंह, संसद सदस्य (राज्य सभा), नई दिल्ली। — सदस्य
9. श्री हरीबाबू कंसल, ई-9/23, वसंत विहार, नई दिल्ली-1100057। — सदस्य
10. श्री विभूति मिश्र, 148, बारा गंज, इलाहाबाद-211006। — सदस्य
11. श्री रमेश नैयर, समता कालोनी, रायपुर-492001। — सदस्य
12. डा० केशरी लाल वर्मा, गंगा राम नगर, 2/1072, रामकुंड, रायपुर (म० प्र०)-492001। — सदस्य
13. डा० एच० एल० बाछोतिया, के-40, एफ, साकेत, नई दिल्ली-110017। — सदस्य
14. डा० विष्णु सिंह ठाकुर, ओम सोसायटी, सुन्दर नगर, रायपुर (म० प्र०)-492013। — सदस्य
15. श्री रामनाथ शुक्ल, 238/172, एलनगंज, इलाहाबाद-211002। — सदस्य
16. डा० शंकर लाल पुरोहित, डी-35, बी०जे०बी० फ्लैट्स, भुवनेश्वर-751014। — सदस्य
17. श्री एस० एम० रामचन्द स्वामी, शारदा विहार, 89/02, अंजनेय टैम्पल स्ट्रीट, बसवानगुडी, बैंगलूर-560004। — सदस्य

सरकारी-सदस्य

18. सचिव (इस्पात) इस्पात विभाग — सदस्य
19. अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार इस्पात विभाग — सदस्य
20. सचिव, राजभाषा विभाग (गृह मंत्रालय) — सदस्य
21. राजभाषा विभाग का एक अन्य प्रतिनिधि — सदस्य

22.	विकास आयुक्त, लोहा और इस्पात, कलकत्ता ।	सदस्य
23.	अध्यक्ष, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि०, नई दिल्ली ।	सदस्य
24.	अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, नेशनल मिनरल डेवलेपमेंट कार्प० लि०, हैदराबाद ।	सदस्य
25.	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, मेटलर्जिकल एवं इंजीनियरिंग कंसलटेंट् (इंडिया) लि०, रांची ।	
26.	अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, भारत रिफ्रैक्ट्रीज लि०, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो (बिहार) ।	सदस्य
27.	अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, मैंगनीज ओर (इंडिया) लि०, नागपुर ।	सदस्य
28.	अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, कुद्रेमुख आयरन ओर कंपनी लि०, बंगलौर ।	सदस्य
29.	अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, राष्ट्रीय इस्पात निगम लि०; (विशाखापट्टणम इस्पात संयंत्र), विशाखापट्टणम ।	सदस्य
30.	अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, एम०एस०टी०सी० लिमिटेड, कलकत्ता ।	सदस्य
31.	अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, हिन्दुस्तान स्टील वर्क्स कंस्ट्रक्शन लि०, कलकत्ता ।	सदस्य
32.	अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, स्पंज आयरन इंडिया लि०, हैदर ब।	सदस्य
33.	प्रबन्ध निदेशक, फैरो स्क्रैप निगम लिमिटेड, भिलाई ।	सदस्य
34.	संयुक्त सचिव (राजभाषा के प्रभारी) इस्पात विभाग ।	सदस्य-सचिव

II. कार्य

इस समिति का कार्य संविधान में राजभाषा संबंधी प्रावधानों, राजभाषा अधिनियम व नियम के उपबन्धों, केन्द्रीय हिन्दी समिति के निर्णयों तथा गृह मंत्रालय (राजभाषा विभाग) द्वारा जारी किए गए निदेशों, अनुदेशों के कार्यान्वयन और विभाग के कामकाज में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के बारे में सलाह देना होगा।

III. कार्य अवधि

समिति का कार्यकाल सामान्यतः 3 वर्ष होगा। समिति के कार्य-काल की अवधि में यदि किसी व्यक्ति को समिति का सदस्य नामित किया जाता है तो वह उस समिति के कार्यकाल की शेष अवधि के लिए सदस्य होगा। विशेष परिस्थितियों में समिति का कार्यकाल विभाग द्वारा कम या ज्यादा किया जा सकता है।

यात्रा भत्ता एवं अन्य भत्ते

समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए गैर-सरकारी सदस्यों को राजभाषा विभाग के दिनांक 22 जनवरी, 1987 के कार्यालय ज्ञापन सं० 11/20034/4/86-रा०भा० (क-2) में निहित दिशा-निदेशों के अनुरूप और भारत सरकार द्वारा समय-समय पर यथा-संशोधित दरों एवं नियमों के अनुसार यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता दिया जाएगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति सभी राज्य सरकारों और संघ राज्य प्रशासनों, प्रधानमंत्री का कार्यालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, संसदीय कार्य मंत्रालय, लोकसभा सचिवालय, राज्यसभा सचिवालय, योजना आयोग, राष्ट्रपति सचिवालय, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, महालेखाकार, केन्द्रीय राजस्व और भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प को सर्वसाधारण की जानकारी के लिए भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

नरेश नारद,
संयुक्त सचिव

मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(संस्कृति विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 30 मार्च 1999

संकल्प

सं० ए० 24-17/97-एम० 1—कला, संरक्षण और संग्रहालय विज्ञान इतिहास का राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान, नई दिल्ली की सोसायटी के नियम 4 के अनुसरण में, राष्ट्रपति जी, कला, संरक्षण और संग्रहालय विज्ञान इतिहास का राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान की सोसायटी को इस संकल्प के जारी होने

की तारीख से तीन वर्षों की अवधि के लिए अथवा सोसायटी के पुनर्गठित होने तक, जो भी पहले हो, सहर्ष पुनर्गठित करते हैं ।

कला संरक्षण और संग्रहालय विज्ञान इतिहास का राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान के सोसायटी की संरचना

1.	मानव संसाधन विकास मंत्री	अध्यक्ष
2.	डा० आर० डी० चौधरी, महानिदेशक, राष्ट्रीय संग्रहालय	उपाध्यक्ष (पदेन)
3.	डा० एम० एन० देशपांडे, डी–25, प्रैस एन्कलेव, साकेत, नई दिल्ली ।	सदस्य
4.	डा० कृष्ण देव, सी/121, डी० डी० ए० फ्लैट, साकेत, नई दिल्ली ।	सदस्य
5.	डा० एम० पी० गुप्ता, बी–17, कुतुब औद्योगिक क्षेत्र, दक्षिण भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली ।	सदस्य
6.	डा० ज्योतिन्द्र जैन, निदेशक, शिल्प संग्रहालय, भैरों रोड़, नई दिल्ली ।	सदस्य
7.	प्रो० महेश्वरी प्रसाद, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विज्ञान विभाग, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी ।	सदस्य
8.	प्रो० के० वी० रमण, 34, 5वां क्रास रोड़, मंडावलीपक्कम, चेन्नई––600024 ।	सदस्य
9.	प्रो० ए० सुन्दारा, 115, गिरी निवास, के० एच० बी० कालोनी, शोलापुर रोड़, बीजापुर, कर्नाटक––586103 ।	सदस्य
10.	संसदीय कार्य मंत्रालय से क्लीयरेंस मिलने के बाद संसद सदस्य को नामित किया जाएगा ।	सदस्य
11.	सुश्री सरयू दोशी, निदेशक, राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, मुम्बई ।	सदस्य
12.	सुश्री लैला त्यावजी, 45–बी, शाहपुर जट, एशियाई खेल गांव के निकट, नई दिल्ली––110049	सदस्य
13.	संयुक्त सचिव, सोसायटी संबंधी मामलों से संबंधित संस्कृति विभाग ।	पदेन सदस्य
14.	संयुक्त सचिव एवं वित्त सलाहकार संस्कृति विभाग ।	पदेन सदस्य
15.	सचिव, शिक्षा विभाग, भारत सरकार ।	पदेन सदस्य
16.	सचिव, व्यय विभाग ।	पदेन सदस्य
17.	उपाध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ।	पदेन सदस्य
18.	महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ।	पदेन सदस्य
19.	निदेशक, भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण ।	पदेन सदस्य
20.	महानिदेशक भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार ।	पदेन सदस्य
21.	निदेशक, राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, मुम्बई ।	पदेन सदस्य
22.	निदेशक, राष्ट्रीय सांस्कृतिक संपदा, संरक्षण अनुसंधान शाला, लखनऊ ।	पदेन सदस्य
23.	प्रो० ए० के० दास, (प्रो० संग्रहालय विज्ञान इतिहास), कला, संरक्षण और संग्रहालय विज्ञान इतिहास का राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान, नई दिल्ली ।	सदस्य
24.	डा० आई० के० भटनागर, संकायाध्यक्ष (प्रो० संरक्षण और संग्रहालय विज्ञान) कला, संरक्षण और संग्रहालय विज्ञान इतिहास का राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान, नई दिल्ली ।	सदस्य
25.	रजिस्ट्रार, कला, संरक्षण और संग्रहालय विज्ञान इतिहास का राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान, नई दिल्ली ।	गैर-सदस्य सचिव

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक-एक प्रति संस्कृति विभाग के सभी कार्यालयों, अनुभागों को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प को भारत के राजपत्र में सामान्य सूचना के लिए प्रकाशित किया जाय।

कस्तूरी गुप्ता मेनन
संयुक्त सचिव

विद्युत मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 23 मार्च, 1999

सं० 6/2/97—ट्रांसमिशन। विद्युत मंत्रालय के 4 अगस्त, 1997 को जारी समसंख्यक संकल्प के आंशिक आशोधन के रूप में निम्नलिखित संशोधन किए जाते हैं :—

(क) अध्यक्ष डी० वी० बी० को एन०आर० ई० बी० के सदस्य के रूप में शामिल किया जाता है और वे चक्रानुक्रम से अध्यक्ष एन० आर० ई० बी० के रूप में नियुक्ति के पात्र होंगे।

(ख) अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विद्युत बोर्ड के स्थान पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम को सदस्य, एन० आर० ई० बी० के रूप में नियुक्त किया जाता है।

अन्य संबंधित सदस्य यथावत रहेंगे।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि उपरोक्त संकल्प को पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली की राज्य सरकारों, चण्डीगढ़ के संघ क्षेत्र प्रशासन, भाखड़ा प्रबंध बोर्ड, पावरग्रिड कार्पोरेशन लिमिटेड, उत्तरी क्षेत्र, एन०टी०पी० सी०, एन० एच० पी० सी०, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों, प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रपति के सचिव, योजना आयोग और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक को प्रेषित किया जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को आम सूचना हेतु भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

अनिल राजदान,
संयुक्त सचिव

श्रम मंत्रालय

नई दिल्ली–110001, दिनांक 23 मार्च 1999

संकल्प

सं० ई० 11016/8/96 रा० भा० नी० श्रम मंत्रालय के समय समय पर यथासंशोधन संकल्प संख्या ई० 11096/24/93 रा० भा० नी० दिनांक 10–12–1993 का अधिक्रमण करते हुए भारत सरकार ने श्रम मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का निम्न प्रकार से पुनर्गठन करने का निर्णय किया है।

गठन

केन्द्रीय श्रम मंत्री	अध्यक्ष
सरकारी सदस्य	
1. सचिव, श्रम मंत्रालय	सदस्य
2. अपर सचिव, श्रम मंत्रालय	सदस्य
3. सचिव, राजभाषा विभाग और भारत सरकार के हिंदी सलाहकार	सदस्य
4. संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग	सदस्य
5. महानिदेशक, श्रम कल्याण, श्रम मंत्रालय	सदस्य
6. महानिदेशक, रोजगार एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय, श्रम मंत्रालय	सदस्य
7. मुख्य श्रमायुक्त केन्द्रीय श्रम मंत्रालय	सदस्य
8. महानिदेशक, कारखाना सलाह सेवा एवं श्रम संस्थान, महानिदेशालय, मुम्बई	सदस्य
9. महानिदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, नई दिल्ली	सदस्य
10. महानिदेशक, खान सुरक्षा महानिदेशालय, धनबाद	सदस्य
11. केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, नई दिल्ली	सदस्य

12.	महानिदेशक, श्रम ब्यूरो, शिमला	सदस्य	
13.	निदेशक, केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड, नागपुर	सदस्य	
14.	श्रम और रोजगार सलाहकार/ संयुक्त सचिव, श्रम मंत्रालय	सदस्य–सचिव	
	गैर–सरकारी सदस्य		
15.	श्री अनन्त कुमार हेगड़े संसद सदस्य (लोक सभा)	सदस्य	
16.	श्रीमती ओमवती संसद सदस्य (लोक सभा)	सदस्य	संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा नामित
17.	श्री हिफेई संसद सदस्य (राज्य सभा)	सदस्य	
18.	श्री दारा सिंह चौहान संसद सदस्य (राज्य सभा)	सदस्य	
19.	श्री प्रफुल्ल पटेल संसद सदस्य (लोक सभा)	सदस्य	संसदीय राजभाषा समिति द्वारा नामित
20.	श्री सोमजी भाई दामोर संसद सदस्य (लोक सभा)	सदस्य	
21.	श्री रमेश गुप्ता चातक	सदस्य	श्रम मंत्रालय द्वारा नामित
22.	श्री नन्द किशोर शर्मा	सदस्य	
23.	श्री रासा सिंह रावत	सदस्य	
24.	श्री शैलेन्द्र पराशर	सदस्य	
25.	डॉ० सोहनपाल सुमनाक्षर	सदस्य प्रतिनिधि भारतीय दलित साहित्य अकादमी दिल्ली	
26.	श्री कृष्ण कुमार ग्रोवर, केन्द्रीय सचिवालय हिंदी परिषद, सरोजनी नगर, नई दिल्ली-110023	सदस्य	प्रतिनिधि केन्द्रीय सचिवालय हिंदी परिषद
27.	डॉ० वी० कृष्णा बी 25, केन्द्रीय विश्वविद्यालय परिसर, हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद–500046	सदस्य	राजभाषा विभाग
28.	डॉ० एम० शेषन, प्लाट नम्बर 790, डॉ० रामास्वामी मुदलियार रोड़ के०के० नगर, चेन्नई-600078	सदस्य	द्वारा नामित
29.	डॉ० एन० चन्द्रशेखरन नायर श्री निकेतन, लक्ष्मी नगर, पट्टम पालम, पोस्ट तिरुवनन्तपुरम–695004	सदस्य	

2. इस समिति का कार्य सरकारी कार्यों में हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित मामलों में श्रम मंत्रालय और उसके सम्बद्ध / अधीनस्थ कार्यालयों को सलाह देना होगा ।

3. समिति का कार्यकाल उसके गठित किए जाने की तारीख से तीन वर्ष तक होगा । संसद सदस्य, जो इस समिति के सदस्य हैं, संसद भंग होने पर या उनका कार्यकाल समाप्त होने पर या अन्यथा सदन के सदस्य न रहने पर, समिति के सदस्य नहीं रहेंगे ।

4. समिति का मुख्यालय, नई दिल्ली में होगा ।

5. यह समिति उच्च स्तरीय होगी तथा गैर–सरकारी सदस्यों को समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए भारत सरकार द्वारा समय–समय पर निश्चित दरों पर यात्रा तथा दैनिक भत्ते दिए जाएंगे ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस प्रस्ताव की एक–एक प्रति राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों, प्रधानमंत्री सचिवालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, संसदीय कार्य मंत्रालय, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, योजना आयोग, राष्ट्रपति सचिवालय, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, महालेखाकार केन्द्रीय राजस्व तथा भारत सरकार के सभी मंत्रालय तथा विभागों एवं श्रम मंत्रालय के सभी कार्यालयों जिनमें स्वायत्त तथा अर्द्ध स्वायत्त निकाय भी शामिल हैं, को भेजी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को आम जानकारी के लिए भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

आर० के० सैनी, संयुक्त सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 31st March 1999

No. 59-Pres/99. The President is pleased to approved the award of "Sarvottam Jeevan Raksha Padak" to :

SS-36327 Lt. Rajesh Pattu,
E-486 Mayur Vihar, Phase-II,
New Delhi-91.

Lieutenant Rajesh Pattu and another officer alongwith his family were among the many people trapped in the Uphar Cinema on 13 June 1997, the day a major fire broke out in the Cinema during the matinee show.

2. Caught between panickly people, smoke and darkness, Lieutenant Rajesh Pattu acted with efficiency and promptness. He was able to calm down the ever increasing number of people in a ladies toilet, the lone place with comparatively less contamination.

3. Using foresight and courage to leave the relative safety of the toilet, Lieutenant Rajesh Pattu scrambled out and found an escape route for himself. Setting aside personal safety, he flung himself to a drain pipe at a distance of six feet from the window on the fourth floor and slithered down.

4. The officer climbed to fourth floor with the help of a hydraulic lift and forced open the ladies toilet and pulled 15—20 persons/bodies out and sent them for immediate medical help. Similarly, he organised rescue work at second and third floors.

5. Persuasive, aggressive and with extreme dexterity he was able to rescue people from the second, third and fourth floors. His ingenuity, and leadership skills were there for all to see as he was able to assist and organise a major rescue operation

6. Lieutenant Rajesh Pattu showed conspicuous courage, promptitude and presence of mind in saving the lives of many persons in a major fire rescue operation with scant regard to his personal safety.

BARUN MITRA
Dy. Secy. to the President

No. 60-Pres/99.—The President is pleased to approve the award of "Uttam Jeevan Raksha Padak" to the undermentioned persons :—

1. Shri Nagaraj Mahadevappa Sankannavar,
S/o Mahadevappa Sankannavar,
Hugar Galli,
Near Shoba Talkies Byadgi,
Haveri District,
Karnataka.

On 27-11-97, due to heavy downpour in Harehalla area on Halegari Itagi Road, water was flowing on a culvert. One of the two K.S.R.T.C. buses while returning from a marriage party was caught in the swirling water due to negligence of the driver. The flash floods swept away the bus, resulting in the death of 34 persons out of 50 (13 male, 14 female and 7 children) while the remaining 16 persons were struggling for their lives.

2. At that time, one Shri Nagaraj, who was coming in a Tempo from Itagi to Halageri, noticed the ghastly incident. Immediately he got down from the Tempo and collected a rope from a lorry parked nearby. He tied the rope to a guard stone and tied the other end to his waist and jumped into the water without caring for his own life. He swam nearer to the bus and tied the rope to the wheel of the bus so that the bus did not move away further. He climbed into the bus, removed the persons caught inside the bus through window, and put them on the top of the bus and thereby rescued the lives of 16 persons (7 female, 5 male and 4 children).

3. Shri Nagaraj Mahadevappa Sankannavar showed courage, promptitude and presence of mind in saving the lives of 16 persons at a risk to his own life.

2. Shri B. G. Fania alias
Shri Lalbinia,
Bukpui, Mizoram.

